हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 2 जून 2025



## वाद-विवाद करने पर पुलिस ने की कार्रवाई

**राजनांदगांव।** वाद-विवाद करने के मामले पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना गैंदाटोला में 29 मई को आवेदक भूपेंद्र पटेल निवासी खुर्सीपार थाना की रिपोर्ट पर अनावेदक पुरानिक नेताम, मंगल सिंह श्याम एवं ईश्वर श्याम सभी निवासी खुर्सीपार के विरुद्ध धारा 126(2), 296, 351(2), 115(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। पुलिस के अनुसार 1 जून को पुनः

शेष पेज 18 पर

# कड़ी सुरक्षा में आज काउंसलिंग, शिक्षकविहीन स्कूल में होगी पोस्टिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

पिछले कई सालों से गांवों की स्कूलों में शिक्षकों की पर्याप्त पोस्टिंग की गुहार लगा रहे ग्रामीणों की मांग अब पूरी होने जा रही है। राज्य शासन द्वारा युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के तहत कल 2 और 3 जून को अतिशेष शिक्षकों की काउंसलिंग की जा रही है। कड़ी

सुरक्षा के बीच होने वाले काउंसलिंग में दो साल के भीतर सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों को प्राथमिकता दी जाएगी। काउंसलिंग प्रक्रिया के साथ ही अतिशेष शिक्षकों को तत्काल पदस्थापना आदेश भी दिए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि 2008 के बाद राज्य शासन ने इस साल सरकारी स्कूलों और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया है। इस प्रक्रिया में अविभाजित जिले की सैकड़ों स्कूलों को मर्ज किया गया है। वहीं कुछ स्कूलों में दर्ज संख्या नहीं होने के कारण उन्हें बंद किया जा रहा है। पहले चरण में स्कूलों का युक्तियुक्तकरण

शेष पेज 14 पर

### दो साल के भीतर सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों को मिलेगी प्राथमिकता

**महिलाओं को प्राथमिकता**

काउंसलिंग प्रक्रिया में दो साल के भीतर सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके उपरांत महिला शिक्षकों को वरिष्ठता के आधार पर पदस्थापना का मौका दिया जाएगा। तीसरे क्रम में संकुल समन्वयक और चौथे क्रम में मान्यता प्राप्त फेडरेशन के अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष को काउंसलिंग में मौका दिया जाएगा। इसके बाद पुरूष शिक्षकों की वरिष्ठता के आधार पर पदस्थापना की जाएगी।



**तैनात रहेगी फोर्स**

युक्तियुक्तकरण को लेकर शिक्षक संगठनों द्वारा आंदोलन का भी आगाज किया गया है। यही कारण है कि काउंसलिंग में प्रशासन ने फोर्स तैनात करने की भी तैयारी कर रखी है। प्रक्रिया के दौरान जिला प्रशासन के आला अफसर भी वहां मौजूद रहेंगे।

**बसंतपुर स्कूल में काउंसलिंग**

जिला शिक्षा विभाग ने बसंतपुर स्थित डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल में अतिशेष शिक्षकों की काउंसलिंग की जाएगी। सूत्रों ने बताया कि शिक्षा विभाग के अमला आज दिनभर तैयारियों में जुटा रहा। दावा-आपत्ति की प्रक्रिया के उपरांत अतिशेष शिक्षकों की सूची भी आज जारी कर दी गई है। काउंसलिंग में भाग नहीं लेने वाले शिक्षकों की रिक्त स्थानों पर सीधे पोस्टिंग कर दी जाएगी।


### प्रदेश में अविभाजित जिले की स्थिति सबसे अधिक खराब

# 25 फीसदी परिवारों तक नहीं पहुंचा कनेक्शन, गांवों में जलस्त्रोत सूखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

ग्रामीण इलाकों के हर परिवार तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की मंशा से केंद्र सरकार जल जीवन मिशन योजना संचालित कर रही है। अविभाजित जिले में भी जलजीवन मिशन के तहत तीन लाख से अधिक परिवारों तक पानी पहुंचाने का काम किया जा रहा है। पिछले पांच साल से जारी इस योजना के तहत अब भी 25 फीसदी से अधिक परिवार अपने नल कनेक्शन का इंतजार कर रहे हैं। राजनांदगांव जिले में योजना के हालात सबसे खराब चल रहे हैं।

गांव-गांव में घर-घर तक नल से पेयजल पहुंचाने की प्रधानमंत्री की महत्वपूर्ण योजना अविभाजित राजनांदगांव जिले में सूख चुकी है। अधिकारियों का दावा है कि जलजीवन मिशन के तहत राजनांदगांव जिले के 662 गांव में से अधिकांश गांव के घर-घर में नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं और पेयजल की सप्लाई जारी है, परन्तु ग्रामीण इलाकों में योजना की हकीकत बिल्कुल उलट है, नल तो दूर टंकियों में ही पानी नहीं आया। हालांकि हाल ही में सुशासन तिहार के तहत जिले के दौरे पर पहुंचे सीएम विष्णुदेव साय ने जब अधिकारियों की बैठक ली तो सभी आंकड़े सामने आए। जिसके बाद उन्होंने भी जल जीवन मिशन के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।



**पांच साल में होना था काम**

केंद्र की मोदी सरकार ने करीबन छह साल पहले 15 अगस्त 2019 को जल जीवन मिशन शुरू किया था। जिसका लक्ष्य 2024 तक प्रत्येक ग्रामीण घर में नल का पानी उपलब्ध कराना है। हालांकि बजट 2025 में सरकार ने सभी ग्रामीण घरों में पानी का कनेक्शन प्रदान करने के लिए इस योजना को 2028 तक बढ़ा दिया। जिले में भी 20 फीसदी से अधिक काम इस योजना के तहत बाकी है। वहीं जिन गांव में टंकी बनाई भी गई, वहां भी पानी का स्त्रोत सूखने से योजना प्रभावित हो गई है।

**गड़बड़ी और भ्रष्ट्राचार की जांच करने आज आएगी टीम**

केंद्र सरकार ने राजनांदगांव सहित राज्य के पांच जिलो में जल जीवन मिशन के अधूरे निर्माण काम और भ्रष्टाचार की शिकायतों की जांच के आदेश जारी किए है। केंद्रीय टीम कल जिले के दौरे पर भी रहेगी।

उल्लेखनीय है कि जल जीवन मिशन के कामों को लेकर पिछले लंबे समय से काफी शिकायतें सामने आ रही है। मिशन का काम एक साल पहले ही पूरा हो जाना था लेकिन लालफीताशाही के चलते ग्रामीणो को इसका लाभ नही मिल पा रहा है। सूत्रो ने बताया कि जल जीवन मिशन में अधूरा निर्माण और भ्रष्ट्राचार की शिकायतें पीएमओ तक पहुंची है। यहीं कारण है कि केंद्र सरकार ने इस पूरे मामले में जांच के आदेश जारी कर दिए है। राजनांदगांव जिले सहित छग के पांच जिलो को जांच के दायरे में लाया गया है। सूत्रो ने बताया कि केंद्रीय टीम कल 2 जून को राजनांदगांव दौरे पर रहेगी। जहां वे जमीनी स्तर पर निर्माण कामों की गुणवत्ता को चेक करेगी। साथ ही भ्रष्ट्राचार और कमीशनखोरी की शिकायतों की भी जांच होगी। जांच के आदेश होने के बाद टीम के आने की जानकारी मिलते ही पीएचई महकमे में खलबली भी मची हुई है।

# रेत से भरे हाईवा की चपेट में आने से दादा और पोते की दर्दनाक मौत

■ बाल-बाल बची दादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

गंडई के रपटा पुल के पास हुए एक भीषण सड़क हादसे में बीमार बेटी से मिलकर घर लौट रहे दादा और उनके 10 वर्षीय पोते की निर्मम मौत हो गई। घटना इतनी भयावह थी कि पोते का सिर रेत से भरे हाईवा के चक्के के नीचे आ गया और शरीर बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया। हादसे में पोते का भेजा भी बाहर आ गया। हादसे में दादी बाल-बाल बच गई। जिनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया था।


प्राप्त जानकारी के अनुसार बेमेतरा जिले के ग्राम पदमी निवासी परमेश्वर निर्मलकर (50 वर्ष), उनकी पत्नी श्रीमती इंद्राणी निर्मलकर (45 वर्ष) और पोता डिकेश निर्मलकर (10 वर्ष) 31 मई को मानपुर लमरा में अपनी बीमार बेटी गायत्री निर्मलकर का हालचाल जानने गए थे। एक दिन रूकने के बाद वे 1 जून की सुबह अपनी बाइक से वापस घर लौट रहे थे। सुबह करीब 7.30 बजे जब वे गंडई के रपटा पुल के पास पहुंचे,

शेष पेज 14 पर



**देरी से पहुंची मदद, नागरिकों ने दिखाई इंसानियत**

हादसे के समय सुबह का वक्त होने के कारण घटनास्थल पर कोई नहीं था। गंडई निवासी राहुल अग्रवाल ने डायल 112 को सूचित किया, लेकिन स्थानीय लोगों के अनुसार डायल 112 की गाड़ी, पुलिस और एम्बुलेंस आधे घंटे से अधिक समय बाद घटनास्थल पर पहुंची। वार्ड पार्षद सावंत देवांगन और अन्य समाजसेवी नागरिकों ने तत्काल मदद की। सावंत देवांगन ने अपनी जिम्मेदारी निभाते सड़क पर फैले बच्चे के शरीर के अवशेषों को कपड़े में एकत्र कर वाहन में रखवाया। आसपास की महिलाओं ने दुर्घटना में बची दादी को ढांढस बंधाया, पानी पिलाया और उनकी देखभाल की।




# बदली और बारिश में गुजरा नौतपा, आज अंतिम दिन

■ किसानों की नजर मौसम पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

ज्येष्ठ माह का काफी तपिश और कठिन माह माना गया है। इसी माह में 25 जून से नौतपा प्रारंभ हुआ है। पहले ही दिन से बदली बारिश उमस भरी गर्मी का वातावरण निर्मित है। खंडित नौतपा का समापन आज होगा। अंचल के किसानों की पैनी नजर मौसम पर बनी हुई है।

ज्ञात हो कि ज्येष्ठ माह को सबसे कठिन माह माना गया है। विशेषकर भीषण गर्मी लू का प्रकोप वाले इस मौसम में लोगों की नजर नौतपा पर भी बनी रहती है। ऐसी मान्यता है कि नौतपा में सर्वाधिक गर्मी का वातावरण रहता है। जिससे बेहतर बारिश की संभावना रहती है।

**किसानी कार्य शुरू**

इधर किसानों ने अक्षय तृतीया से ही नेग की किसानी शुरू कर दी है। ज्येष्ठ माह लगते ही अंचल के किसानों ने खेतों की साफ-सफाई एवं व्यवस्थित करना शुरू कर दिया है। वहीं मवेशियों के लिए चारा इत्यादि की पर्याप्त व्यवस्था करनी शुरू कर दी है। इसके साथ ही अब किसानी कार्य धीरे-धीरे जोर पकड़ने लगा है। किसानों के बीच अभी से खाद-बीज की मांग शुरू हो चुकी है। आषाढ़ माह लगते ही किसानों की और भी व्यस्तता बढ़ जाएगी। नौतपा के समापन पश्चात किसानों के बीच झमाझम मानसून का इंतजार बना रहेगा। बहरहाल वर्षों बाद इस तरह का वातावरण देखा जा रहा है।

**खंडित रहा नौतपा**

इस वर्ष 25 जून से नौतपा लगते ही खंडित स्थिति में रहा। आज 8 दिन गुजरने को है, लेकिन पहले ही दिन से बारिश, बदली, उमस और गर्मी का मिलाजुला वातावरण निर्मित है। बदली के चलते सूर्य की तीखी धूप भी नौतपा के दौरान कभी कभार ही महसूस की गई। 2 जून को नौतपा का समापन हो जाएगा। ऐसे में किसानों की पैनी नजर मौसम पर बनी हुई है। किसानों के बीच ऐसी मान्यता है कि नौतपा में जितनी गर्मी पड़ती है, उतना ही बेहतर बारिश होता है।

0 **राजनांदगांव।** गर्मी के मौसम के साथ ही बाजार में मौसमी फलों की भरमार है। वर्तमान में अंगूर, आम, मुसंबी, कलिंदर, खीरा, ककड़ी, खरबूजा सहित अन्य फलों की भरपूर आवक हो रही है।

**मांय एंगल**




# धारदार हथियार के साथ युवक पकड़ाया

**राजनांदगांव।** आम रास्ते में धारदार हथियार लहराकर लोगों को डराने-धमकाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।


फाईल फोटो

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम रतनभाट में नीतीश मिश्रा नामक युवक आम रास्ते में खड़ा होकर धारदार हथियार लहरा रहा है। आने-जाने वाले को डरा रहा है। पुलिस ने मौके पर तत्काल पहुंचकर घेराबंदी कर नीतीश मिश्रा 25 वर्ष रतनभाट के कब्जे से धारदार हथियार मौके से बरामद कर 25 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया।

**आबकारी एक्ट की कार्रवाई**

अन्य दो कार्रवाई आबकारी एक्ट के तहत की गई। जिसमें अवैध शराब बिक्री करते पाए जाने पर वेद कुमार सिन्हा 40 वर्ष निवासी ग्राम खुज्जी से 20 पाव देशी प्लेन शराब जब्त एवं ईश्वर सिन्हा 42 वर्ष निवासी खुज्जी से 25 पाव देशी प्लेन शराब जब्त कर कार्रवाई की गई।

# मनगटा में पुलिस का छापा, जुआरी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

मनगटा से लगे बनबघेरा जंगल में सजी जुआ के फड की सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी। जिससे यहां जुंआ खेल रहे लोगों में हडकम्प मच गया था। पुलिस ने मौके पर 15 आरोपियों को पकड़ा। जिनसे नगदी रकम 47 ,300 रुपए बरामद कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत मनगट से लगे बनबघेरा के जंगल में जुंआ खेलने के शौकिन एकत्र होकर जुंआ खेल रहे थे। जिसकी सूचना पुलिस को मुखबीर से मिलते ही पुलिस ने शाम के समय मौके पर दबिश दी। पुलिस की दबिश से जुंआ खेल रहे लोगों में हडकम्प मच गया था। पुलिस ने मौके पर 15 आरोपियों को पकड़ा। जिनसे ताश पत्ती एवं नगदी रकम लगभग 47,300 रुपए बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के 17 दोपहिया वाहन, 2 की-पैड एवं 8 एनराइड मोबाइल भी जब्त की गई है।

पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपियों में शुभम देवांगन नंदई रोड, रामेश्वर यादव जमातपारा, दिनेश यादव गुरूनानक चौक, लक्ष्मण साहू पेण्ड्री, जयप्रकाश बजरंगपुर नवागांव, श्यामू सोनकर सागरपारा, भूपेश कुमार अर्जुन्दा, सुनील जांगडे स्टेशनपारा 16 खोली, उत्तम भारती नंदई, मो.अख्तर छुईखदान, ताजू शेख कोहका भिलाई, खेमचंद साहू बजरंगपुर नवागांव, अश्वनी कुमार ग्राम साखा कोर्राय छुईखदान, सुरेन्द्र साहू चमारराय टोलागांव, दीपक राजपूत क्लब चौक बसंतपुर के खिलाफ छग जुंआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3 के तहत कार्रवाई की गई है। सोमनी, कोतवाली, चौकी, चिखली, पुलिस लाइन, साइबर सेल ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की।









## खबर संक्षेप

### जवानों ने किया दवा वितरण

**कन्हारगांव।** कन्हारगांव में आइटीबीपी ने कमांडेंट तेजभान सिंह के मार्गदर्शन में मेडिकल कैंप का आयोजन कर लोगों का चेकअप किया। जांच के बाद दवाइयां वितरित किया गया। इस अवसर पर डॉ ए बलराज, प्रभारी इंस्पेक्टर हेमंत तिवारी, जैन कुमार मेश्राम, उपसरपंच सहित अन्य उपस्थित थे।

### समर क्लास में बढ़ा बच्चों का कौशल



**सड़क अतरिया।** प्राथमिक शाला जीराटोला में समर क्लास का आयोजन 26 मई से एक जून तक किया गया। सात दिवसीय समर क्लास में बच्चों को बुनियादी अभिवादन और अभिव्यक्तियां, अक्षर, संख्या, हस्ताक्षर जैसे रोल प्ले, फ्लेक्स कार्ड, देशभक्ति नारा, वर्चुअल शहर भ्रमण, वार्तालाप, खरीददारी, रास्ता पूछना, कला, संगीत, चित्रकला, स्थानीय व्यंजन, मसालों, सब्जियों, फलों के नाम, संस्कृति की सराहना, आदि के बारे में बताया गया। अंत में प्रमाण पत्र वितरण कर बच्चों और शिक्षादूतों का हौसला आफजाई किया गया। इस अवसर पर सरपंच अमरसिंह मेरावी, मनोज साहू, दीनू कुंभकार, तिलक साहू, शिक्षिका विद्या चंद्राकार, रानी देवांगन, कविता यदु, शांति साहू, राधा लहरे, भोजराम साहू आदि उपस्थित थे।

### मनाई गई अहिल्याबाई की जयंती



**गंडई पंडरिया।** ग्राम पंचायत लालपुर में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर गड़रिया समाज लालपुर के कुटुम जनों और पंचायत प्रतिनिधियों ने पूजा-अर्चना कर उन्हें याद किया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी निरंजन धनकर ने दी। कार्यक्रम में सरपंच चमेली चुरावन टंडन, सचिव संतोष साहू, रोजगार सहायक रमेश कोसरिया, मितानिन कांति पटेल, कल्याणी सेन, हेमलता धनकर, नंदनी साहू, पंच बेदराम पटेल, राकेश रजक, गुलाब धनकर, सरोज निर्मलकर, सातोबाई निर्मलकर, महेंद्र धनकर, एस कुमार पाल, लेखु धनकर, लीलाधर पाल सहित अन्य शामिल हुए। सभी ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन मूल्यों और जनकल्याणकारी कार्यों को याद किया।

### रवि बने मंडल महामंत्री

**डोंगरगढ़।** हायर सेकेंडरी स्कूल ढारा की शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रवि यादव को भाजपा ग्रामीण मंडल डोंगरगढ़ का महामंत्री बनाया गया है। श्री यादव को मंडल महामंत्री बनने पर ईष्ट मित्रों ने बधाई दी है।



### स्वच्छता दीदियों का श्रीफल, शाल से सम्मान



**छुरिया।** नगर पंचायत में पुण्यश्लोका लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल थे। श्री पटेल ने रानी अहिल्याबाई के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने उन्हे आदर्श शासक बताते हुए कहा कि उनके शासनकाल में मालवा राज्य में शांति और समृद्धि थी। नगर पंचायत अध्यक्ष पटेल ने स्वच्छता दीदियों को श्रीफल एवं शाल भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में भूषण नेताम, गौरी सिन्हा, ललित कुंभकार, सलूजा कोमरे, बिंदु साहू, भावना ठाकुर, कौशल्या कुंभकार सहित अन्य शामिल हुए।

---

### कलेक्टर परिसर में रोपा मौलश्री, महिलाओं के कार्यों को सराहा

# जिम्मेदारी से निभाएं दायित्व : डेका

## पहली बार वनांचल पहुंचे राज्यपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

राज्य निर्माण के 25 साल बाद मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिला में राज्यपाल रमेन डेका का आगमन हुआ। राज्यपाल श्री डेका का कलेक्टर परिसर में गॉड ऑफ आनर देकर सम्मान किया गया। उन्होंने कलेक्टर परिसर और एकलव्य विद्यालय परिसर में मौलश्री पौध का रोपण किया। उन्होंने कृषि समूह द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया। जैविक खेती से उत्पादित फसलों एवं उत्पादित मिलेट से रूबरू हुए।राज्यपाल ने महिला समूह से भेंटकर उनके प्रयासों और हुनर की जानकारी ली। राज्यपाल श्री डेका ने मानपुर में एकलव्य विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में आधुनिक सुविधा के साथ विद्यार्थियों को समग्र शिक्षा से जोड़ने कहा।



#### महिलाओं के आजीविका कार्य की सराहना

राज्यपाल श्री डेका ने अपने प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत कार्यरत स्व सहायता समूहों की महिलाओं से मुलाकात कर उनके कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने डोकला निवासी लक्ष्मी वट्टी एवं केकतीटोला की करौंदा बाई से चर्चा कर उनके आत्मनिर्भरता के प्रयासों की जानकारी ली। राज्यपाल श्री डेका ने खुशी स्व सहायता समूह और मां बमलेश्वरी स्व सहायता समूह द्वारा किए जा रहे सुअर पालन, मुर्गी पालन, सिलाई, मछली पालन, मक्का एवं सब्जी उत्पादन जैसे विविध आजीविका गतिविधियों की प्रशंसा की।

#### सरपंचों का सम्मान

बैठक उपरांत राज्यपाल श्री डेका ने 4 ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत होने पर प्रशस्ति पत्र भेंट कर सरपंचों को सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव सीआर प्रसन्ना, कलेक्टर तुलिका प्रजापति, पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह, वनमंडलाधिकारी दिनेश पटेल, जिला पंचायत सीईओ भारती चन्द्राकर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

#### अधिकारियों की ली बैठक

राज्यपाल श्री डेका ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में चलाये जा रहे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों, योजनाओं और सेवाओं की समीक्षा की। राज्यपाल ने अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी अपने उत्तरदायित्व और जवाबदेही के साथ आम जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझें। जनता से संवाद करें और उसकी समस्या को सुनकर सुलझाएं। अधिकारी सुनिश्चित करें कि वह जनता के लिए नियुक्त किए गए हैं। राज्यपाल ने जल संचयन और जल संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों और कार्यक्रमों की जानकारी ली। उन्होंने जल संचयन और जल संरक्षण के लिए निजी क्षेत्र के लोगों को डबरी निर्माण के लिए प्रोत्साहित करने एवं शासकीय कार्यालयों और भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनाने कहा। उन्होंने पौधरोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी अधिकारी कर्मचारियों को एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाने कहा।

#### नियमित योगाभ्यास पर जोर

राज्यपाल श्री डेका ने बेहतर स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए योगाभ्यास को दैनिक दिनचर्या में शामिल करने हेतु योग शिविर का आयोजन करने कहा। उन्होंने कहा कि विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया जाए। उन्होंने रेड क्रॉस समिति की सदस्य संख्या बढ़ाने और रोगियों के उपचार के लिए मानवीय संवेदना के साथ सामाजिक सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को एनसीसी से जोड़े। उन्होंने कहा कि जिले में एक सेंट्रल लाइब्रेरी की स्थापना किया जाए जिसमें विविध प्रतियोगिता परीक्षा और महान हस्तियों की पुस्तक रखें। उन्होंने लखपति दीदी योजना अंतर्गत जिले की महिलाओं के द्वारा किया जा रहे प्रयासों और कार्यक्रमों की जानकारी ली।

---



# शिविर में ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी



- सुशासन तिहार में मिले आवेदनों का समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ एलबी नगर

सुशासन तिहार अंतर्गत ग्राम पंचायत मडियान में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत मडियान, बागरेकसा, कारूटोला, पीटेपानी, कोटनापानी, खूबाटोला, ठाकुरटोला, बिछीटोला, सेन्द्री एवं कल्याणपुर से प्राप्त मांगों एवं शिकायतों के आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर में जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू एवं जनपद अध्यक्ष लता सिन्हा शामिल हुई। उन्होंने मडियान में प्रधानमंत्री आवास योजना की हितग्राही सुनाबाई को गृह प्रवेश कराया और हितग्राही को आवास की चाबी सौंपी।

#### लोगों को मिला लाभ

जनपद सीईओ ने प्रतिवेदन का वाचन करते हुए बताया कि 10 ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास के 224, शौचालय के 167, राशन कार्ड 130, निर्माण कार्य के 160, समाज कल्याण 46 एवं नरेगा के 73 आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर में जल स्वच्छता किट परीक्षण, राशन कार्ड, शौचालय स्वीकृति आदेश, जॉब कार्ड एवं श्रमकार्ड प्रदान किया गया। महिला बाल विकास विभाग ने गर्भवती माताओं की गोदभराई एवं बच्चों का अन्नप्रासन कराया। शिविर में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी। समाधान शिविर में जिला पंचायत सभापति प्रशांत कोडापे, अनिता मांडवी, एसडीएम मनोज मरकाम, अन्य जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

---

# बारिश के पहले सार्वजनिक कुंओं की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्रीष्म ऋतु के प्रारंभ से ही भूजल स्तर कम होने के कारण जल संकट की स्थिति निर्मित हो रही थी, जिसे ध्यान में रखकर मोहारा शिवनाथ नदी एनीकट से सील्ट निकालने की कार्रवाई की गई और इसी कड़ी में नगर निगम द्वारा शहर के सार्वजनिक कुंओं की सफाई करने का बीड़ा उठाया। महापौर मधुसूदन यादव के निर्देश पर नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने प्रक्रिया कर प्रथम चरण में 15 कुंओं की सफाई करने विधिवत कार्यादेश जारी किया। जिसके परिणाम स्वरूप निगम सीमाक्षेत्र के कुओं की सफाई प्रारंभ हो गई। कुंआ सफाई का जायजा लेकर महापौर यादव ने सभी कुंओं से सील्ट निकालकर अच्छे तरीके से सफाई करने के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष गर्मी के प्रारंभ से ही भू-जल स्तर तेजी से गिरा है। जिसके परिणाम स्वरूप शिवनाथ नदी के जल स्तर में भी कमी आई और शहर में सुचारू पेयजल आपूर्ति के लिए महापौर यादव के नेतृत्व एवं आयुक्त विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में शिवनाथ नदी एनीकट का जल स्तर बढाने सील्ट निकाला गया और मटियामोती व मोंगरा जलाशय से पानी लेकर दो दिन में तीन समय पेयजल आपूर्ति की जा रही है। शहर के कुंओं की सफाई नहीं हुई है।



#### बारिश में बढ़ेगा पानी संग्रहण

निगम सीमा क्षेत्र में 61 सार्वजनिक कुंए हैं। जिनमें से प्रथम चरण में 15 कुंओं की सफाई की जा रही है, ताकि कुंओं के पानी का जलस्त्रोत बढ़े और निस्तारी योग्य बने। विगत एक सप्ताह से कुंओं की सफाई की जा रही है। जिसके तहत मोतीपुर बरबट्टी कुंआ, वार्ड नं. 11 के मजार गली व आम्बेडकर मूर्ति के पास का कुंआ तथा वार्ड नं. 12 में बुद्धमूर्ति के पीछे व स्टेशन रोड कुंआ की सफाई की गई। वर्तमान में ढाबा के कुंआ और गांधी चौक कुंआ की सफाई दो दिनों से की जा रही है। सभी 15 कुंओं की सफाई बारिश के पूर्व की जाएगी, ताकि जल स्त्रोत खुलकर बारिश में पानी संग्रहण बढेगा।

#### महापौर ने लिया सफाई का जायजा

महापौर मधुसूदन यादव स्वयं कुंआ सफाई का जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे है। कल उनके द्वारा गांधी चौक कुंआ सफाई का निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य व पार्षद शैकी बग्गा, राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य राजा माखीजा, पार्षद रवि सिन्हा, पूर्व पार्षद देवेन्द्र मोहन लाला के साथ जायजा लेकर संबंधित से कहा कि सभी कुंआ से सील्ट भी निकाले और अच्छी तरह से साफ करना सुनिश्चित करें। सफाई के पश्चात भी यदि आंधी-तूफान से पेड़ के पत्ते या कचरा आदि गिरने से उसे भी साफ करते जाए। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र का कुंआ सफाई हो वहां मानिटरिंग करें और संबंधित पार्षद को भी सूचित करें। महापौर यादव ने नागरिकों से अपील की है कि कुंआ, तालाब हमारे पुरातत्व धरोहर है, इसका संवर्धन-संरक्षण के अलावा इसको साफ रखना हमारी जवाबदारी है। सभी कुंओं व तालाबों को साफ-सुथरा रखना है। इसमें कचरा-गंदगी नहीं डालना है और लोगों को कचरा डालने मना करना है।

---

# अपराध का गढ़ बनते जा रहा डोंगरगढ़

## सरकारी जमीन पर कब्जा कर रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

धर्मनगरी के रूप में विख्यात नगर में बढ़ते अपराध, अवैध कारोबार और रोपवे में हो रही दुर्घटना के बाद सिस्टम पर सवाल उठने लगे है। युवाओं में नशाखोरी बढने के साथ बेरोजगारी के कारण चाकूबाजी, लूट पाट और अवैध कारोबार का संचालन शहर की पहचान बनते जा रहा है। महाराष्ट्र बार्डर से लगे बोरतलाव मार्ग से मवेशी और शराब की तस्करी लगातार जारी है वहीं प्रशासन छोटी कार्यवाही कर वाहवाही लूटने में लगा। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध कटाई, अवैध ईंट भट्टा, अवैध खनन बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। नगर में अवैध शराब के साथ जुआ और सटटा भी पैर पसार चुका है। वन भूमि के अलावा नजूल भूमि पर कब्जा करने के साथ वृक्षों की कटाई रोकने में प्रशासनिक अमला नकाम नजर आ रहे है।

#### शिकायत होने पर जांच

नगर पालिका अधिकारी सीके शर्मा ने मामले के संबंध में फाईल देखने के बाद ही कुछ कहने बात कही। मामले की शिकायत पर जांच करने करने की बात कहा।




#### दफ्तरों में कमीशनखोरी

विभिन्न योजनाओं और निर्माण में कमीशन खोरी का खुलासा होने के बाद कार्यवाही तो दुर सुधार लाने की दिशा में कोई प्रयास होता नहीं दिख रहा है। राशि के दुरूपयोग से विकास पर ग्रहण लगता दिखाई दे रहा है। बीते 10 साल में स्वीकृत कार्य अब तक अपूर्ण हैं। उल्लेखनीय हे कि नगर पालिका द्वारा कराए गए कार्यों में गड़बड़ी का खुलासा होने के बाद राज्य सरकार ने तत्कालीन लेखापाल, इंजीनियर एवं सीएमओ को निलंबित किया है। मामले की जांच के दौरान अधिकारियों ने अपराधिक मामला दर्ज करने की बात कहा था किन्तु अब तक कार्रवाई नहीं हुई है। बोर खनन और खरीदी के बिलों की जांच की जाए तो राशि के दुरूपयोग का खुलासा होगा।

#### सरकारी जमीन पर निर्माण

जानकारी के अनुसार शासकीय जमीन पर कब्जा करने के बाद अवैध निर्माण किया जा रहा है। बताया जाता है कि बीते दस सालों में करोड़ों की जमीन पर कब्जा करने के बाद नियम दरकिनार कर बेच दिया गया है। इस मामले की प्रदेश भाजपा के महामंत्री की शिकायत के बाद भी अधिकारी जांच के नाम पर खानापूर्ति करने में लगे हैं।

---



### जवानों ने किया दवा वितरण

**कन्हारगांव।** कन्हारगांव में आइटीबीपी ने कमांडेंट तेजभान सिंह के मार्गदर्शन में मेडिकल कैंप का आयोजन कर लोगों का चेकअप किया। जांच के बाद दवाइयां वितरित किया गया। इस अवसर पर डॉ ए बलराज, प्रभारी इंस्पेक्टर हेमंत तिवारी, जैन कुमार मेश्राम, उपसरपंच सहित अन्य उपस्थित थे।

---

# छुरिया में राजयोग शिविर का शुभारंभ

## सात दिन चलेगा शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजनांदगांव के तत्वावधान में सात दिवसीय शिव दर्शन आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी एवं राजयोग शिविर का आयोजन किया गया है।

शुभारंभ 31 मई को विधायक भोलाराम साहू के आतिथ्य एवं नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रितेश जैन, राजयोगिनी पुष्पा दीदी की उपस्थिति में दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

इस अवसर पर विधायक साहू ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज द्वारा लगाए गए इस आध्यात्मिक शिविर से अंचल के नागरिकों को बहुत लाभ होगा। यह संस्था निःस्वार्थ भाव से सभी की सेवा करती है इसका प्रत्यक्ष उदाहरण माउंट आबू में देखा। विधायक ने 2008 में माउंट आबू प्रवास के संस्मरण को याद किया। नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल ने नागरिकों से राजयोग शिविर का लाभ लेने की अपील की। ब्रह्माकुमार मुरलीधर सोमानी ने संस्था का संक्षिप्त परिचय दिया। चैतराम वर्मा ने संचालन किया। इस अवसर पर सुभाष यादव, रावजीभाई पटेल, रोमी भाटिया, जोधीराम साहू, राजकुमार सिन्हा, तुलाराम साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

---

## नशा के दुष्प्रभाव से लोगों को कराया अवगत

# नशा मुक्त समाज निर्माण का संकल्प





हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

एनएसएस एवं एनसीसी ईकाई के तत्वावधान में शनिवार को नेहरू महाविद्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवती ने तंबाकू निषेध की शपथ दिलाई। इस अवसर पर तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। नशा मुक्त समाज की ओर कदम बढ़ाने का संकल्प लिया गया। अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने धूम्रपान एवं तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर एचआर पदमे, अविनाश सिंह, नितिन शांडिल्य, संदीप गजभिये, सुमेध डोंगरे, शैलेन्द्र यादव, चित्रा खोब्रागढे, प्रीति सहारे, महेश कोटांगले आदि मौजूद थे।

**जालबांधा।** नवीन महाविद्यालय जालबांधा में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन में प्राणिशास्त्र विभाग ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया। प्राचार्य डॉ गुप्ता ने तंबाकू से उपजने वाले खतरों से अवगत कराने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि तंबाकू के उपयोग से फेफड़ों का कैंसर, हृदय रोग, श्वसन समस्याएं आदि गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती है। प्राणीशास्त्र विभाग के महेश साहू ने बताया कि तम्बाकू में निकोटीन पाया जाता है, जो बेहद नशीला होता है।तंबाकू खाने से कैंसर के साथ पेट में कई नकारात्मक प्रभाव पड़ सकते हैं। संचालन पूजा देवांगन तथा आभार डॉ नवीन राजपूत ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में रवि प्रकाश चतुर्वेदी, रितेश बंजारे, नेमू साहू, हिरेंद्र साहू, मोनिका सिन्हा, मासूम वर्मा, अंजली रामटेक्कर और छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

#### मनाया तम्बाकू निषेध दिवस

जेवरतला रोड। उच्चतर माध्यमिक शाला पिनकापार में 31 मई को विश्व तम्बाखु निषेध दिवस मनाया गया। तम्बाकू एवं नशा से होने वाली बीमारियों के बारे में विद्यार्थियों को प्रभारी प्राचार्य केके साहू ने बताया। इस अवसर पर प्रधानपाठक एसके लोनहरे, रोशनलाल साहू, एसएल कोसरे, टीएन साहू आदि मौजूद थे।



# डॉक्टर की दादागिरी, विजुअल लेते पत्रकार का मोबाइल छीना

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राजधानी के अंबेडकर अस्पताल में पत्रकारों के साथ बदसलूकी की घटना के बाद अब खैरागढ़ में भी एक सरकारी डॉक्टर द्वारा पत्रकार से अभद्र व्यवहार का मामला सामने आया है। कवरेज के दौरान एक पत्रकार का मोबाइल छीनने की कोशिश करते हुए डॉक्टर ने गाली-गलौच की और धमकी भी दी। घटना शनिवार शाम करीब साढ़े पांच बजे की है।

विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन के संयोजन में संचालित मिशन संडे टीम सिविल अस्पताल पहुंची थी जहॉ टीम संयोजक ने कुछ इलेक्ट्रानिक चैनलो के प्रतिनिधियों को बुलाया और उनके साथ सिविल अस्पताल का अवलोकन करने लगे। उन्हें जानकारी मिली थी कि ओपीडी समय के दौरान पांच डॉक्टर ड्यूटी से गायब हैं और कुछ चिकित्सक अपने सरकारी आवास में निजी क्लिनिक चला रहे हैं। निरीक्षण बाद इस बात की तस्दीक करने मिशन संडे की टीम डॉक्टर प्रवीण सिंह परिहार के सरकारी आवास में संचालित क्लिनिक पहुंची। वहां मौजूद पत्रकार साकेत श्रीवास्तव जब मोबाइल से वीडियो कवरेज कर रहे थे, तभी डॉक्टर परिहार भडक़ गए। उन्होंने पत्रकार साकेत से कहा मोबाइल नीचे रख, नहीं तो मार खाएगा और मोबाइल छीनने की कोशिश करने लगे। इसके साथ ही उन्होंने गाली-गलौच करते हुए सकेत साथ पहुँचे अन्य दो पत्रकारों को वहां से बाहर चले जाने कहा।

## गाली-गलौज कर दी धमकी, पत्रकारों में आक्रोश



## डॉक्टर के खिलाफ थाना में शिकायत

घटना की जानकारी मिलने पर आक्रोशित पत्रकारों ने मौके से लौटकर थाने में डॉक्टर के खिलाफ लिखित आवेदन देकर कारवाई की मांग की लेकिन मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा स्वयं थाना पहुंचे। उन्होंने दोनों पक्षों को बुलाकर सिलसिलेवार घटना की जानकारी ली और डॉक्टर परिहार को उनके बर्ताव के लिए कड़ी फटकार लगाई। एसपी लक्ष्य शर्मा ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि भविष्य में यदि ऐसी कोई घटना दुहराई गई तो संबंधित चिकित्सक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने डॉक्टर परिहार से लिखित में माफीनामा और आश्वासन लेने टीआई अनिल शर्मा को निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक की सख्ती के बाद डॉक्टर प्रवीण सिंह परिहार ने मौके पर मौजूद सभी पत्रकारों, कांग्रेस नेताओं और पुलिस अधिकारियों के समक्ष अपनी गलती स्वीकारते हुए साकेत श्रीवास्तव से सार्वजनिक रूप से माफी मांगी। जिसके बाद मामले का पटाक्षेप हुआ।

### तंबाकू से दूर रहने और जल संरक्षण को लेकर सजगता की ली शपथ

# समाधान शिविर में 3651 आवेदनों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सुशासन तिहार अभियान के तीसरे चरण मे जिले का अंतिम समाधान शिविर ब्लाक के देवरी में हुआ जहॉ मांग और समस्या को लेकर मिले 3663 आवेदनों में 3651 आवेदनों का निराकरण किया गया। जिपं अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार, जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, खम्हन ताम्रकार, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, सीईओ जिपं प्रेम कुमार पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जिपं अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार ने कहा कि जिले में चल रहे समाधान शिविरों से आम जनता को बड़ी राहत मिल रही है। बीते एक महीने से जिले के अधिकारी और जनप्रतिनिधि गांव गांव जाकर लोगों की समस्याएं सुनकर त्वरित समाधान कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने हाल ही में झूरानदी में आयोजित जनचौपाल के दौरान जिलेवासियों को 1 करोड़ रुपयों से अधिक की जनहित की मांग अनुरूप विकासपरक सौगात दी हैं। इससे क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत मिले सभी आवेदनों का संवेदनशीलता व प्राथमिकता के साथ निराकरण किया जाना चाहिए ताकि शासन की योजनाओं का लाभ आम जनता तक समय पर पहुंचे।

## जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे



### सरकार से सीधे संवाद का तिहार

जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि यह अभियान जनसेवा की दिशा में एक सशक्त कदम है, जिसका उद्देश्य शासन को सीधे आमजन से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार तहत जिले के विभिन्न स्थलों पर शिविर आयोजित किया गया, जहां प्रशासनिक अधिकारियों व विभागीय कर्मचारियों सक्रिय रूप से शामिल होकर लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया हैं। यह अभियान शासन की जनपक्षीय सोच का परिचायक है, जिसमें नागरिकों को सुविधाएं देने और शासन के प्रति विश्वास सुदृढ़ करने का प्रयास किया जा रहा है। अभियान के माध्यम से राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाई जा रही है ताकि जरूरतमंद लोग योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त कर सकें। इस दौरान उन्होंने शासन की विगत 15 माह की प्रमुख उपलब्धियों को भी सामने रखा। पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने कहा आज सुशासन तिहार का जिले में अंतिम शिविर आयोजित हुआ है। यह अभियान शासन को जनता के द्वार तक लाने का सार्थक प्रयास है, जिसमें अधिकारियों और कर्मचारियों ने पूर्ण निष्ठा और लगन से सराहनीय कार्य किया है। सुशासन की परिभाषा देते हुए उन्होंने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने देश में सुशासन लाने का स्वप्न देखा था और उसे साकार करने के लिए उन्होंने दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ कार्य किया। उनकी स्मृति में 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## निराकरण में दिखाए सक्रियता

तिहार तहत अंतिम शिविर आयोजन को लेकर कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने नागरिकों के सक्रिय सहभागिता और अधिकारियों की तत्परता के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समस्याएं समय-समय पर आती रहती हैं, लेकिन समाधान शिविरों के माध्यम से हमें मूलभूत समस्याओं की प्रत्यक्ष जानकारी मिली है, जिनका प्राथमिकता के आधार पर स्थायी समाधान सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में भी वे इसी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ जनसेवा में जुटे रहें। वर्षा ऋतु के आगमन का संकेत देते हुए उन्होंने स्वास्थ्य विभाग और आम लोगो से सतर्कता बरतने की अपील की। उन्होंने बताया कि अब किसानों के लिए कृषि कार्यों का समय आरंभ हो चुका है। किसानों को सलाह दी गई कि वे कृषि विभाग से संपर्क कर तकनीकी जानकारी व योजनाओं का लाभ उठाएं। वही 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अधिकाधिक पौधरोपण करने की अपील करते हुए कहा पर्यावरण संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है। एक पेड़ आज का निवेश और भविष्य की सुरक्षा है। जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देवरी में जिले का अंतिम शिविर का समापन हुआ है। पूरे शिविरो मे सभी अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि व ग्रामीणो ने उत्साहपूर्वक सहभागी बने। उन्होंने सभी के सक्रिय सहयोग व सहभागिता के लिए धन्यवाद प्रकट किया और आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी इसी प्रकार जनसेवा और सहयोग की भावना बनी रहेगी। जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों व ग्रामीणो ने तंबाकू के सेवन से दूर रहने और जल संरक्षण के प्रति सजग रहने की शपथ ली। शिविर में कृषि, श्रम, महिला बाल विकास, उद्यानिकी, मत्स्य, स्वास्थ्य एवं पंचायत विभागों के माध्यम से हितग्राहियों को कई योजनाओं का लाभ दिया गया। इस दौरान पूर्व जिपं सभापति व जिलाभाजपाध्यक्ष घम्मन साहू, सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह, जिपं सदस्य दिनेश वर्मा, अरुणा सिंह बनाफर, जिला भाजपाध्यक्ष डॉ बिशोसर साहू, शैलेंद्र त्रिपाठी, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे

# कलेक्टर पहुंचे बाघद्वार गुफा, किया निरीक्षण

### पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करेंगे



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर ब्लाक के ग्राम पंचायत लछना स्थित ऐतिहासिक बाघद्वार गुफा का कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने निरीक्षण किया। जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल और जिपं सदस्य अरुणा बनाफ़र के साथ बाघद्वारा पहुंचे कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने गुफा में स्थित बाघेश्वरी माता के दर्शन कर स्थल की आध्यात्मिक व सांस्कृतिक महत्ता का जाना समझा और बाघद्वार को प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने क्षेत्रवासियों से चर्चा बाद इस दिशा में प्रशासन की ओर से आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया। निरीक्षण दौरान कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने क्षेत्र और यहां पहुंचने वाले पर्यटकों की सुरक्षा और सुविधा को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इसके अलावा आमनेर नदी के उद्गम स्थल माने जाने वाले कुंड का भी निरीक्षण किया और वहां भी विकास की संभावनाओं का जायजा लिया। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासनिक अधिकारियों से स्थल के संरक्षण और विकास की दिशा में सहयोग की अपेक्षा जताई। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, स्थानीय नागरिकगण और अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शासकीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने और संसाधनों का समुचित वितरण करने के उद्देश्य से कलेक्टोरेट सभागार में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल की अध्यक्षता में युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया को लेकर आवश्यक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सोमवार 2 जून को प्रस्तावित काउंसलिंग आधारित पदस्थापना प्रक्रिया को लेकर रूपरेखा पर चर्चा की गई। कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने स्पष्ट रूप से कहा कि युक्तियुक्तकरण का मूल उद्देश्य शालाओं में शिक्षकों की संख्या को वास्तविक आवश्यकता के अनुरूप संतुलित करना है, जिससे शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार हो सके। उन्होंने निर्देशित किया कि काउंसलिंग प्रक्रिया पारदर्शी, निष्पक्ष और समयबद्ध होनी चाहिए ताकि शिक्षकों को उनके योग्यतानुसार उचित स्थान पर पदस्थापना मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की भ्रांति या असमंजस की स्थिति न उत्पन्न हो, इसके लिए सभी शिक्षकों को पूर्व से जानकारी सहित आवश्यक मार्गदर्शन दिया जाए। साथ ही काउंसलिंग के लिए डाटा संधारण, रिक्तियों का प्रकाशन, और ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन विकल्पों की तैयारी सुव्यवस्थित रूप से की जाए।

इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी, युक्तियुक्तकरण समिति के सभी सदस्यगण सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में शालाओं की वर्तमान शैक्षणिक स्थिति, रिक्त पदों की समीक्षा, छात्रसंख्या के आधार पर पद स्वीकृति की आवश्यकताएं सहित स्थानांतरण नीति के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत मंथन किया गया।

## एक दिवसीय जिला स्तरीय इवेंट का त्रिवेणी परिसर में किया गया आयोजन

**राजनांदगांव।** सुशासन तिहार के उपलक्ष्य में गुरुवार को त्रिवेणी परिसर में जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय जिला स्तरीय इवेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम रोचकता, उत्साह, उल्लास एवं खुशी के माहौल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही विभिन्न रूचिकर गतिविधियों का आयोजन किया गया।

सुशासन तिहार के अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना की हितग्राही प्रेमाबाई सोनकर ने बताया कि वह डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण का कार्य करती है। उन्होंने बताया कि वह अपना खुद का घर बनाना चाहती थी। ऐसा अवसर मिला कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के आवास का सपना पूरा हुआ। स्वास्थ्य विभाग के आयुष्मान कार्ड के हितग्राही गिरीश ठक्कर ने बताया कि वह सुशासन तिहार के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड के लिए आवेदन दिया था। स्वास्थ्य विभाग द्वारा फोन कर बुलाया गया और आयुष्मान कार्ड दिया गया।

आरजे अनिमेष ने सुशासन तिहार एवं छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर आधारित प्रश्न पूछकर श्रोताओं को बांधे रखा। जिला स्तरीय इवेंट में जितेन्द्र ने शिवाय गीत पर तथा लकी राजपूत ने ऊर्जापूर्ण शानदार प्रस्तुति देकर समा बांध दिया। कार्यक्रम में उम्दा प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर एसडीएम खेमलाल वर्मा, संयुक्त संचालक जनसंपर्क रायपुर इस्मत जहां दानी, संयुक्त संचालक जनसंपर्क राजनांदगांव डॉ. उषा किरण बड़ाईक, विनय साहू, मनीष साहू, धर्मेन्द्र साहू, जनसंपर्क विभाग की टीम एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

# मिशन संडे ने किया युक्तिकरण का विरोध

- काली टी-शर्ट पहनकर जताया कड़ा विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शिक्षा के हक में आवाज़ बुलंद करते हुए मिशन संडे टीम ने जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी से मुलाकात की और सरकार द्वारा शासकीय शालाओं में किए जा रहे युक्तिकरण के निर्णय पर कड़ा विरोध जताया। काली टी-शर्ट पहनकर कार्यालय पहुंचे टीम सदस्यों ने शिक्षा मंदिरों को बचाने की मांग की।

टीम संयोजक मनराखन देवांगन ने कहा कि युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया से जिले की कई सरकारी शालाएं बंद हो जाएंगी जिससे सुदूर ग्रामीण अंचलों के बच्चों की पढ़ाई बाधित होगी। उन्होंने कहा कि महिला शिक्षकों का भी दूरस्थ जंगलों में स्थानांतरण तय है जिससे उन्हें मानसिक, शारीरिक और आर्थिक संकटों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि एक तरफ सरकार स्कूलों को बंद कर रही है वहीं दूसरी तरफ गांव-गांव में शराब दुकानों के लाइसेंस देकर युवाओं को नशे की ओर धकेल रही है। इसका सीधा असर समाज पर पड़ रहा है। युवाओं के बीच नशे की लत बढ़ रही है और नतीजतन लूटपाट, चाकूबाजी, मारपीट व दुर्घटनाओं की घटनाएं आम हो गई हैं। टीम सदस्यों ने सवाल उठाया कि यदि बच्चों को शिक्षा से वंचित किया गया तो भविष्य में उनका क्या होगा, आज जो गाँवों में मासूम बच्चे हैं, कल वही या तो अपराध की राह पकड़ेंगे या पलायन के लिए मजबूर होंगे।



## युक्तियुक्तकरण पर हो पुनर्विचार


मिशन संडे टीम ने जिला प्रशासन से मांग की कि वे राज्य शासन तक यह जनभावना पहुंचाए और युक्तियुक्तकरण की नीति पर पुनर्विचार कराया जाए। उनका स्पष्ट कहना है कि शिक्षा को लेकर कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संयोजक मनराखन देवांगन ने कहा कि हम शिक्षा मंदिरो को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं ताकि आने वाली पीढ़ी शिक्षित और जागरूक बन सके। अगर सरकार पीछे नहीं हटी तो चरणबद्ध आंदोलन की तैयारी करेंगे।

### फिटनेस और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने का दिया संदेश

# खेलो इंडिया और फिट इंडिया थीम पर शहर में निकाली गई साइकिल रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

खेलों को जन-जन तक पहुंचाने और नागरिकों में फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शहर में खेलों इंडिया और फिट इंडिया थीम पर साइकिल रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में किया गया। राजा फतेह सिंह मैदान से निकली साइकिल रैली का नगर के प्रमुख मार्गों पुराना बस स्टैंड, ईतवारी बाजार, डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी मार्ग और शासकीय अस्पताल चौक जैसे स्थानों से होते हुए माँ दंतेश्वरी मंदिर परिसर पहुंची। रैली में बड़ी संख्या में आम नागरिक, स्वयंसेवी संस्थाएं, स्कूली छात्र-छात्राएं व खेल प्रशिक्षक शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने कहा कि खेलों और फिटनेस को जनजागरूकता के माध्यम से नागरिकों की दिनचर्या का हिस्सा बनाना जरूरी है। इस रैली का उद्देश्य सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि एक जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है जो नागरिकों को दीर्घकालीन स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर सके। सांसद प्रतिनिधि व दिशा समिति सदस्य भागवत शरण सिंह ने कहा कि कोविड-19 के दौर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए फिट इंडिया मूवमेंट को आज विश्वभर में मान्यता मिल रही है। इस रैली के माध्यम से पारंपरिक खेलों को पुनर्जीवित करने के साथ साथ और नागरिकों को सक्रिय व स्वास्थ्य के प्रति सजग बना रहे हैं।



### स्वस्थ्य रहने का दिया संदेश

जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने आयोजन में सहभागी सभी संस्थाओं, विभागीय अधिकारियों, छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नागरिकों को नियमित योगाभ्यास और व्यायाम की आदत विकसित करनी चाहिए, जिससे वे न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रहें, बल्कि मानसिक रूप से भी सशक्त बनें। रैली में पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा, एएसपी नितेश गौतम, यातायात प्रभारी शक्ति सिंह, टीआई अनिल शर्मा, नपा सीएमओ नरेश वर्मा, बीएमओ डॉ. विवेक बिसेन, व्याख्याता डॉ कमलेश्वर सिंह, सुनील कुमार गुनी, करुणा सिंह, व्यायाम शिक्षिका नीलू सिंह, मानस साहू, हिमांशु गुप्ता, गौरी खान, गोरे लाल वर्मा, निर्मल त्रिवेणी अभियान के सदस्य, स्काउट-गाइड के रेंजर रोवर्स, स्कूली छात्र-छात्राएं, गणमान्य नागरिक व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मानस साहू, डॉ. कमलेश्वर सिंह ने किया।

# बारिश पूर्व बड़े नाली-नाला की सफाई

### जेसीबी, पोकलेन और गैंग के माध्यम से सफाई जारी

**राजनांदगांव।** महापौर मधुसूदन यादव एवं नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर बारिश पूर्व शहर के सभी बड़े नाली-नालों की सफाई कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत फरवरी से नाला सफाई प्रारंभ किया गया है। चरणबद्ध शहर के प्रमुख नाली-नालों की सफाई कराई जा रही है। महापौर एवं आयुक्त के निर्देश पर स्वास्थ्य अमला प्रतिदिन नाला सफाई मेनुवल एवं जेसीबी व पोकलेन के माध्यम से कर रहे हैं। जिसकी सतत निरीक्षण भी महापौर यादव व आयुक्त विश्वकर्मा द्वारा किया जा रहा है। वहीं प्र. स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा एवं स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव सभी नाला-नाली की सफाई का जायजा लेकर सफाई दरोगा को अपने-अपने क्षेत्र में चरणबद्ध सफाई कराने मार्गदर्शन दे रहे हैं।

आयुक्त विश्वकर्मा ने बताया कि बरसाती पानी का बहाव ठीक ढंग से होने प्रथम चरण में बसंतपुर, इंदिरा नगर, जिला चिकित्सालय के सामने, नंदई, गंज चौक मुरारजी पुलिया, गुरूद्वारा के पास, पुराना अस्पताल के पास, मोहरा रोड, कन्हारपुरी, लखोली, जीई रोड के नालों की सफाई कराई गई है। चिखली, शांतिनगर, मोतीपुर, ढाबा, पेंड्री के नालों की सफाई भी कराई जा रही है।



## सफाई समय-सीमा में पूर्ण करें

महापौर यादव ने स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वास्थ्य अमला को कड़े निर्देश देते कहा कि शहर के सभी नालों की सफाई अच्छे से कराकर समय-सीमा में पूर्ण कर लिया जाए, ताकि बारिश में पानी भरान की स्थिति न हो तथा स्वास्थ्य अमला भी अपने-अपने क्षेत्र में प्रतिदिन उपस्थित रहकर निर्धारित समय तक सफाई कराना सुनिश्चित करेंगे। कार्य में लापरवाही बरतने वाले एवं लंबे समय से अनुपस्थित कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## तालाबों में जल शुद्धिकरण कराया जाए

महापौर यादव एवं आयुक्त विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया है कि वर्षा ऋतु में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए सफाई अभियान संपादित करें तथा जल शुद्धिकरण के अंतर्गत निगम सीमांतर्गत तालाबों में डल्ला चूना व ब्लीचिंग पावडर डालकर जलशुद्धिकरण कराया जाए। गड्ढों में पानी भरने की स्थिति में कच्ची नाली खोदकर पानी निकासी की व्यवस्था करें। जल जमाव से होने वाली बीमारी जैसे डायरिया, डेंगू मलेरिया, पीलिया न फैले, इसके लिए दवाई का छिड़काव करें। साथ ही होटलों का निरीक्षण कर पर्याप्त साफ-सफाई व्यवस्था बनाए रखने एवं ताजा खाद्य पदार्थ बिक्री करने हेतु संबंधित व्यवसायियों को समझाईस दें। सड़क में मलमा या भवन मटेरियल रखने पर मलमा मंडप के तहत कार्रवाई करें।

# आत्मानंद विद्यालयों के अतिशेष शिक्षकों को युक्तियुक्तकरण से रखा जा रहा बाहर

## शासन के नियमों को मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में दिखाया जा रहा है ठेंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी स्कूलों और शिक्षकों दोनों के समायोजन करने दर्ज संख्या के अनुसार शिक्षकों को नियुक्त करने के लिए युक्तियुक्तकरण प्रकिया का आदेश 28 अप्रैल को जारी किया गया है। जिसका मुख्य उद्देश्य है दर्ज संख्या जहां अधिक है और ऐसे स्कूल जहां कम शिक्षक है, वहां कम दर्ज वाले स्कूलों से अतिशेष शिक्षकों को समायोजित करना है।

इसी निर्देश के अनुसार जिलेभर के सभी स्कूलों से अतिशेष शिक्षकों का चिन्हांकन किया जाना है। अविभाजित राजनांदगांव और दुर्ग तथा अन्य जिले से जो अतिशेष शिक्षकों की सूची जारी की गई है, उनमें स्वामी आत्मानंद विद्यालय के अतिशेष शिक्षकों को भी शामिल किया गया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में सेजेस के शिक्षक, जो एक विषय के दो हैं और जिनका वेतन आहरण भी दूसरे स्कूलों से हो रहा है, तीनों विकासखंड मुख्यालयों के पीएमश्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय के शिक्षकों को युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में नहीं लिया जा रहा है, राज्य शासन के स्पष्ट निर्देश होने के बावजूद नियमों तथा पूरी प्रक्रिया को अनदेखा किया जा रहा है, शासन की मंशा ऐसे शिक्षक जो सेटअप के स्वीकृत पद से अधिक है, सभी अतिशेष हैं, पर इस जिले के अधिकारियों द्वारा अपनी मंशानुसार युक्तियुक्तकारण की प्रक्रिया को अब जिले में थोपा जा रहा है।

### पहले भी मिली अतिशेष की जानकारी

मिली जानकारी के अनुसार मोहला सेजेस में बहुत से व्याख्याता ऐसे हैं, जिनका वेतन आहरण अन्य संस्था से निकला जा रहा है और अंबागढ़ चौकी के अतिशेष हिंदी विषय के व्याख्याता की शिकायत पहले भी हो चुकी है। यहां हिंदी के दो पद होने के बावजूद तीसरा व्याख्याता हिंदी में अतिशेष है। साथ ही रसायन, संस्कृत, राजनीति विषय के शिक्षकों का सेटअप में पद नहीं होने के कारण वेतन दूसरे स्कूलों से आहरित किया जा रहा है। अर्थशास्त्र का सेटअप में एक पद होने के बाद एक शिक्षक प्रतिनियुक्ति और दूसरा अतिशेष है और पीटीआई की संविदा नियुक्ति होने बावजूद अतिशेष का वेतन दूसरे संस्था से किया जा रहा है। इसके बाद भी जिला के अधिकारियों द्वारा युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में स्वामी आत्मानंद विद्यालयों को शामिल नहीं किया जा रहा। जिसको लेकर शिक्षा विभाग में प्रतिक्रिया शुरू हो गई है।




### पारदर्शिता को किया जा रहा दरकिनार

नए जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के शिक्षा विभाग सर्वाधिक अमला वाला विभाग है, जहां अधिक पारदर्शिता कार्यों में होनी चाहिए, पर यहां उलटा है। खंडस्तरीय युक्तियुक्तकरण समिति द्वारा कोई भी अतिशेष शिक्षकों की सूची और मर्ज किए जा रहे स्कूलों की सूची सार्वजनिक नहीं किया गया। किसी भी प्लेटफार्म में ब्लॉक स्तरीय सूची प्रकाशित नहीं किया गया है और ना ही दावा-आपत्ति मंगाया गया। माने स्कूल बंद/मर्ज ये भी आम लोगों को सार्वजनिक सुलभ नहीं किया गया और अतिशेष शिक्षक को भी उसका पता नहीं। कुल मिलकर अब जिला स्तर पर जानकारी प्रकाशित होगी या नहीं ये देखना होगा?

### कराया जाएगा अवगत

दूसरे जिले में आत्मानंद के अतिशेष शिक्षक चिन्हित किए गए हैं, यह खबर नहीं थी। वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। - **हेमेंद्र भुआर्य,** एसडीएम, मोहला

---

## सार समाचार

### विस नेता प्रतिपक्ष ने छाबड़ा को दी श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव**। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के पिता स्व. सरदार गुरुचरण सिंग छाबड़ा के देहावसान पश्चात आयोजित



श्रद्धांजलि सभा में छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत भी शामिल हुए। उन्होंने स्व. गुरुचरण सिंग छाबड़ा के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान डॉ. महंत ने कहा कि स्व. गुरुचरण छाबड़ा काफी सहज, सरल व्यक्तित्व के धनी थे।

सरदार गुरुचरण सिंग छाबड़ा बीते 28 मई को अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर गुरुचरणों में लीन हो गए थे। उनकी आत्मिक कल्याणता एवं शांति के लिए शहर के गुरुद्वारा साहिब में श्री अखंड पाठ साहिब जी का भोग रखा गया। इस दौरान वैरागमई कीर्तन एवं अंतिम अरदास और गुरु का लंगर किया गया। इस अवसर पर छाबड़ा परिवार सहित डोंगरगांव विधायक दलेशवर साहू, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक गुरुमुख सिंग होरा और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### रेल यात्रियों को जल वितरण

**राजनांदगांव**। मानव सेवा माधव सेवा की भावना से प्रेरित शक्तिधाम धर्मार्थ सेवा समिति के सदस्यों ने रविवार को स्थानीय रेलवे स्टेशन में



यात्रियों को जल वितरण किया गया। इस अवसर पर हरीश यादव, अखिलेश बंजारा, पिलेश्वर देवांगन, कौशल मानिकपुरी, शंभू वर्मा, पीहू यादव, किशन चौरसिया, प्रशांत वर्मा, भगवती निषाद, चंद्रेश साहू, भोज वर्मा, संतोष वर्मा, विकास राजपूत, भूपेंद्र रामटेके, लव यादव, राकेश देवांगन, लोकेश सिन्हा, शुभम सिन्हा, उमाशंकर सोनकर, शेखर दुरुगकर सहित समिति के अन्य सदस्यों ने अपनी सेवाएं दी।

## पृष्ठ 11 का शेष

### वाद-विवाद करने...

अनावेदक पुरानिक नेताम एवं मंगल सिंह श्याम द्वारा आवेदक को मेरे विरुद्ध थाना में रिपोर्ट किए हो बोलकर आवेदक के साथ वाद-विवाद करने लगा, जिसे पुलिस द्वारा समझाइश दिए जाने पर भी नहीं माना। जिससे उक्त दोनों अनावेदकों को धारा 170, 126, 135(3) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अंतर्गत गिरफ्तार कर अभियुक्तों के विरुद्ध विधिवत कार्रवाई करते हुए माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

### कड़ी सुरक्षा में आज....

किए जाने के बाद अब द्वितीय चरण में शिक्षकों की काउंसलिंग की जा रही है। राजनांदगांव जिले में कल 2 जून को प्राथमिक स्कूलों के 260 अतिशेष शिक्षकों की काउंसलिंग के जरिये गांवों की स्कूलों में पोस्टिंग की जाएगी। वहीं तीन जून को मीडिल, हाई और हायर सेकंडरी स्कूल के 150 शिक्षकों की पदस्थापना होगी। सूत्रों ने बताया कि युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के लिए प्रशासन ने अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा को प्रभारी नियुक्त किया है। काउंसलिंग के तत्काल बाद शिक्षकों को पदस्थापना आदेश प्रदान किए जाएंगे।

**सालों से शिक्षकविहीन है स्कूल-** जिले के कई स्कूल पिछले लंबे अरसे से शिक्षकविहीन और एकल शिक्षकीय चल रहे हैं। काउंसलिंग में इन्हीं स्कूलों में अतिशेष शिक्षकों की पोस्टिंग की जाएगी। इसके साथ ही अत्याधिक दर्ज संख्या वाले सरकारी स्कूलों में भी शिक्षकों को पदस्थ किया जाएगा। काउंसलिंग के आधा घंटे पहले ही पदों को डिस्पले किया जाएगा।

### रेत से भरे हाईवा....

तभी पीछे से आ रहे एक रेत से भरे हाईवा वाहन (क्रमांक सीजी-07-बीपी-7595) ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में दादी उछलकर दूर जा गिरी। जबकि दादा और पोता हाईवा के पहियों के नीचे आ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद हाईवा चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।

**फरार हाईवा चालक गिरफ्तार, मामला दर्ज-** घटना की जानकारी मिलते ही लमरा मानपुर से पीड़ित परिवार की बेटी और अन्य परिजन गंडई अस्पताल पहुंचे और हाईवा चालक को पकड़ने के लिए लगातार दबाव बनाया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जिससे हाईवा का नंबर सीजी-07-बीपी-7595 और उसके मालिक मनोज कुमार देवांगन (निवासी अहिवारा) का पता चला। पुलिस ने हाईवा को धमधा से पकड़कर गंडई थाना ले आई। पुलिस सूत्रों के अनुसार इस मामले में 106-1 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। दादा और पोते का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। दादी का उपचार किया गया है।

## निधन



### केएन दुबे

**राजनांदगांव**। महेन्द्र नगर निवासी प्राध्यापक वीरेन्द्र दुबे के पिताजी केएन दुबे का आज सुबह 9.15 बजे निधन हो गया। दोपहर बाद उनका निवास स्थान से स्थानीय मुक्तिधाम के लिए अंतिम यात्रा निकाली गई। स्थानीय मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। वह अपने पीछे दो पुत्र वीरेन्द्र दुबे और संजय दुबे का भरापूरा परिवार छोड़ गए।



### कपूरबाई ठाकुर

**राजनांदगांव**। बगदई निवासी धनराज सिंह ठाकुर की मां कपूरबाई ठाकुर 97 वर्ष का स्वर्गवास रविवार सुबह हो गया है। जिनका अंतिम यात्रा 1 बजे काशी विश्वनाथ के लिए निकाला गया।

---

### उच्च स्तरीय जांच व कार्रवाई की उठी मांग

# राष्ट्रीय राजमार्ग बना जानलेवा बेमौसम बारिश में ही धंसी सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

बालोद से मानपुर-महाराष्ट्र सीमा तक बन रही राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-930 की सड़क निर्माण की पोल पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी पहली ही बारिश ने खोल दी है। मानपुर से कोहका के बीच बनी सड़क जगह-जगह से धंसकने लगी है। यह वही सड़क है। जिसका निर्माण कार्य करोड़ रुपए की लागत से होना है और अभी पूरी तरह से पूर्ण भी नहीं हुआ और इसकी हालत अभी से बदतर हो चुकी है।

स्थानीय लोगों में इसको लेकर भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण में जमकर लापरवाही की जा रही है। न तो सड़क की मजबूत बुनियाद तैयार की गई, न ही किनारों की सही तरीके से भराई की गई। नतीजतन हल्की बरसात होते ही सड़क धंस गई और दरारें आ गई है। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते ठेकेदार के ऊपर कार्रवाई नहीं हुई, तो आने वाले बरसात में यह सड़क बड़े हादसों को न्योता दे सकती है।



### यातायात पर असर, जान को खतरा

यह महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, बस्तर, तेलंगाना की ओर रोजाना सैकड़ों वाहनों की आवाजाही का प्रमुख मार्ग है। अगर जल्द मरम्मत नहीं की गई तो वाहन चालकों की जान खतरे में पड़ सकती है। साथ ही आने-जाने वाले ग्रामीणों को भी बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

### सवालों के घेरे में ठेकेदार

निर्माण कार्य में लगे ठेकेदार पर घटिया निर्माण सामग्री के उपयोग का आरोप लग रहा है। ऐसा प्रतीत होता है कि सड़क की गुणवत्ता पर ध्यान देने के बजाय इसे जल्दबाजी में सिर्फ कागजों में पूरा करने की कोशिश की जा रही है।



### शीघ्र मरम्मत की आवश्यकता

जिला पंचायत उपाध्यक्ष भोजेश शाह ने मांग की है कि इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई की जाए और निर्माण की गुणवत्ता की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए। साथ ही धंसी हुई सड़क की तत्काल मरम्मत करवाई जाए, ताकि बरसात के दौरान कोई बड़ा हादसा न हो।

---

## अवैध रूप से शराब बिक्री, आरोपी पकड़ाए



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में की जा रही धरपकड़ कार्रवाई के तहत पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा। जिनसे शराब जब्त कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 31 मई को ग्राम बोईरडीह आरोपी सिकंदर पारधी के दुकान के पीछे में आरोपी सिकंदर पारधी 32 साल बोईरडीह ओपी चिखली के कब्जे से 18 पौवा यूनिक देशी मदिरा प्लेन व बिक्री रकम 270 रुपए एवं 1 जून को घटनास्थल खैरागढ़-गठुला रोड गुड्डू द्विवेदी के निर्माणाधिन मकान के सामने आरोपी लल्लू यादव 55 साल साकिन गठुला ओपी चिखली जिला राजनांदगांव के कब्जे से 10 देशी प्लेन शराब व 10 पौवा गोवा अंग्रेजी शराब व बिक्री रकम 210 रुपए जब्त किया गया। दोनों आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई किया गया।

---

## अपराधों पर अंकुश लगाने रात्रि गश्त, गली-मोहल्लों में पहुंची पुलिस

**राजनांदगांव**। जिले में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा रात्रि गश्त तेज कर दिया गया है। पुलिस रात में गली-मोहल्ले तक पहुंचकर देर रात तक घूमने वालों को घर में रहने की समझाईश भी दे रही हैं।

पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशानुसार एएसपी मुकेश ठाकुर (ऑप्स) एवं एएसपी राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देश किया गया कि अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने सहित सुरक्षा व शांति व्यवस्था के मद्देनजर शहर के गली-मोहल्लों, चौक-चौराहों व कालोनियों में पेट्रोलिंग करें।

### संदिग्ध पाए जाने पर कार्रवाई

पुलिस के अनुसार संदिग्ध पाए गए 4 लोगों के विरूद्ध धारा 151 की कार्रवाई की गई। साथ ही गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश की चेकिंग की गई। पुलिस गश्त के दौरान चार पहिया वाहन एवं मोटर साइकिल से घूमते आवारागर्दी करते लड़कों व असामाजिक तत्वों को रोककर पूछताछ एवं तलाशी ली गई। अनावश्यक घूमने वाले मनचलों को रात्रि में घर पर रहने की समझाईश दी गई। शहरी थाना के अलावा थाना घुमका, सोमनी, तुमडीबोड़ पुलिस द्वारा भी अपने-अपने क्षेत्र में रात्रि गश्त किया गया। पुलिस गश्त से आमजनों का पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है और गुंडा बदमाशों में भय बना रहेगा।

### गश्त में अधिकारी पुलिस व जवान हुए शामिल

जिसके तहत बीती रात्रि में अपराधिक गतिविधि एवं अपराध की संभावनओं को देखते हुए अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक द्वारा अपने-अपने क्षेत्र के शहरी थानों कोतवाली, बसंतपुर, लालबाग, ओपी चिखली तथा एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम द्वारा थाना डोंगरगढ़ पुलिस के जवानों को ब्रीफ कर स्वयं दलबल के साथ रात्रि गश्त में शामिल हुए। गश्त के दौरान पुलिस जवानों द्वारा शहर के गली-मोहल्लों व सभी चौक-चौराहों एवं सुनसान ईलाकों में जाकर संदिग्धों की चेकिंग की गई।

---

## पैसा और शराब बोतल की झपटमारी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पैसा व शराब की बोतल की झपटमारी कर मौके से फरार आरोपियों की पतासाजी कर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी जयराम सिन्हा निवासी जयस्तंभ चौक ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 30 मई को वह प्रीमियम मदिरा दुकान भदौरिया चौक के पास था कि सामने से रोहन गनवीर आकर प्रार्थी के पैसे व शराब बोतल को झपटमारी कर भाग गया। रिपोर्ट पर धारा 304 भारतीय न्याय संहिता के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



### घेराबंदी कर पकड़ा

पुलिस के अनुसार मामले में विवेचना के दौरान आरोपी को पतासाजी हेतु टीम लगाया गया था। आरोपी रोहन गणवीर 24 वर्ष निवासी प्रभात नगर थाना बसंतपुर को घेराबंदी कर पकड़ा गया। हिरासत में लेकर पूछताछ किया, जो घटना में शामिल होना स्वीकार किया। आरोपी के पेश करने पर झपटमारी किए पैसा व शराब बोतल को बरामद कर प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है।

### शांतिभंग करने पर कार्रवाई

इसी तरह चौखड़ियापारा एवं हल्दी, मोहड़ में परिशांति भंग करने वाले असामाजिक लोगों के संबंध में पुलिस को सूचना प्राप्त होने पर पृथक-पृथक टीम रवाना किया गया था। पुलिस द्वारा अनावेदक कमलेश पटेल, उज्जवल रजक व जसपाल सोनकर, पवन सोनकर के विरूद्ध थाना बसंतपुर में इस्तगाशा धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर अनावेदकगणों को गिरफ्तार किया गया। आरोपीगणों को पृथक-पृथक न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक एमन साहू, सहायक उप निरीक्षक गोवर्धन देशमुख, प्र. आर. दीपक जायसवाल, आरक्षक प्रवीण मेश्राम, आशीष मानिकपुरी, कुश बघेल, अतहर अली, जामिन्द्र वर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

---

## बालिकाओं व महिलाओं को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

यूनिसेफ, जिला प्रशासन एवं अलायंस फॉर बिहेवियर चेंज मेंबर सर्वहितम के संयुक्त तत्वावधान में राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सोमनी में जनजागरूकता अभियान के तहत युवाओं को युवोदय वॉलंटियर बनने एवं अभिभावकों के बीच संपर्क कर रूप नहीं गुण को देखो कार्यक्रम के बारे में बताया गया।

कार्यक्रम में रूप नहीं गुण को देखो कार्यक्रम अंतर्गत युवाओं और संबंधित अभिभावकों को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को जहां पढ़ाई का कोना



निर्माण कर पढ़ाई स्तर में सुधार के बारे में बताया गया। वहीं अभिभावकों को आज क्या सीखा पर बच्चों से बात करने कहा गया। कार्यक्रम में पंचायत युवोदय स्वयंसेवियों को जल संरक्षण, स्वच्छता के लिए ग्रामीणों में जागरूकता लाने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन करने कहा गया। कार्यक्रम में पोषण, मानसिक स्वास्थ्य, बाल संरक्षण एवं अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई। इस दौरान किशोरी बालिकाओं एवं महिलाओं को मासिक स्वच्छता प्रबंधन विषय पर जागरूक किया गया।

## जून माह में मिलेगा तीन माह का चावल

**राजनांदगांव**। सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत प्रचलित राशनकार्डधारियों को माह जून से अगस्त तक तीन माह का चावल वितरण माह जून 2025 में किया जाएगा। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जिले के 496 शासकीय उचित मूल्य दुकानों में समयबद्ध भंडारण, नागरिक आपूर्ति निगम के प्रदाय केन्द्रों में वाहनों की व्यवस्था से लेकर दुकान स्तर पर समुचित भंडारण की व्यवस्था के लिए अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

---

### राजनांदगांव के विकास के नए अध्याय की शुरूआत

# पटेवा में 350 करोड़ व बिजेतला में 25 करोड़ की लागत से स्थापित होगा मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्राम पटेवा में लगभग 350 करोड़ रुपए की लागत से इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (ईएमसी-2.0) एवं ग्राम बिजेतला में लगभग 25 करोड़ रुपए की लागत से प्रदेश के पहले स्पेस मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (एसएमसी) की स्थापना राजनांदगांव जिले के लिए अभूतपूर्व पहल है।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि इस ऐतिहासिक निर्णय से राजनांदगांव जिले में इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के निर्माण और स्पेस जैसी वैश्विक स्पर्धा में दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ेगा। साथ ही युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। जिससे हमारा क्षेत्र औद्योगिक विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। विधानसभा अध्यक्ष ने इस महत्वपूर्ण घोषणा के लिए राजनांदगांव जिले की ओर से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा प्रदेश के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

उल्लेखनीय है कि वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में सेक्टर आधारित उद्योगों को एक ही परिसर में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने के दृष्टिकोण से राज्य शासन द्वारा स्मार्ट औद्योगिक क्षेत्र एवं पार्कों की स्थापना की घोषणा की गई है। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार की योजना अंतर्गत तहसील घुमका क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पटेवा में प्रस्तावित इलेक्ट्रानिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (ईएमसी 2) की स्थापना की जाएगी। 350 करोड़ रुपए की लागत से यह परियोजना कुल क्षेत्रफल लगभग 322 एकड़ में विकसित की जाएगी। इसी तरह अंतरिक्ष विभाग भारत सरकार की योजना अंतर्गत तहसील घुमका क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम बिजेतला में प्रस्तावित स्पेस मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (एसएमसी) की स्थापना की जाएगी। 25 करोड़ रुपए की लागत से यह परियोजना कुल क्षेत्रफल लगभग 50 एकड़ में विकसित की जाएगी। इस औद्योगिक पार्क की स्थापना से प्रदेश एवं जिले में उद्योगों के विकास के लिए एक अनुकूल एवं सकारात्मक वातावरण उपलब्ध होगा।



## खबर संक्षेप

### अर्जुन तिवारी पंडरिया विधानसभा का कर रहे हैं संघन जनसंपर्क

**हरिभूमि कोलेगांव।** पंडरिया विधानसभा के अंतर्गत लगातार



संघन जनसंपर्क कर अर्जुन तिवारी सामाजिक कार्यक्रम साथ ही साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में विपक्ष की भाजपा सरकार होने के बाद भी एक बार फिर से 2018 की राह पर अर्जुन तिवारी पूर्व जनपद अध्यक्ष द्वारा क्षेत्र के एक एक गांव में एक-एक कार्यकर्ता से भेंट-मुलाकात कर चर्चा किया जा रहा है और अपने कांग्रेस पार्टी के संगठन को आगे बढ़ाने एवं मजबूत करने में जुटें हुए है। पंडरिया विधानसभा क्षेत्र मैदानी व सुंदूर वनांचल तथा पहाड़ी क्षेत्रों में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं का हौसला बुलंद कर रहे हैं एवं पार्टी संगठन को मजबूत करने का काम किया जा रहा है।

### समर क्लास में बढ़ा बच्चों का कौशल



**सड़क अतरिया।** प्राथमिक शाला जीराटोला में समर क्लास का आयोजन 26 मई से एक जून तक किया गया। सात दिवसीय समर क्लास में बच्चों को बुनियादी अभिवादन और अभिव्यक्तियां, अक्षर, संख्या, हस्ताक्षर जैसे रोल प्ले, फ्लेक्स कार्ड, देशभक्ति नारा, वर्चुअल शहर भ्रमण, वार्तालाप, खरीददारी, रास्ता पूछना, कला, संगीत, चित्रकला, स्थानीय व्यंजन, मसालों, सब्जियों, फलों के नाम, संस्कृति की सराहना, आदि के बारे में बताया गया। अंत में प्रमाण पत्र वितरण कर बच्चों और शिक्षादूतों का हौसला आफजाई किया गया। इस अवसर पर सरपंच अमरसिंह मेरावी, मनोज साहू, दीनू कुंभकार, तिलक साहू, शिक्षिका विद्या चंद्राकार, रानी देवांगन, कविता यदु, शांति साहू, राधा लहरे, भोजराम साहू आदि उपस्थित थे।

### समस्या: शिकवा-शिकायत के बाद भी विभागीय अधिकारी बेपरवाह

# वर्षों से उचित मूल्य की दुकान में मिट्टी तेल नहीं मिलने से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

जिले में शासन-प्रशासन द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान (राशन दुकान) संचालित की जा रही है। वहीं हितग्राहियों को समय पर खाद्यान्न सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राशन दुकान संचालित तो हो रही है, लेकिन इसका समुचित लाभ ग्रामीण हितग्राहियों को नहीं मिल पा रही है। जिले के साथ-साथ विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ऐसे कई ग्रामीण क्षेत्रों में उचित मूल्य के दुकानों से कई वर्षो से मिट्टी तेल का आवंटन नहीं होने से उपभोक्ताओं की भारी परेशानियों की सामना करना पड़ रहा है। जिस पर क्षेत्र के ग्रामीण हितग्राहियों द्वारा विभागीय अधिकारियों से शिकवा-शिकायत की गई, लेकिन विभागीय अधिकारी इस ओर ध्यान ही नही दिया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से राशन कार्ड के हिसाब से मिट्टी तेल वितरण किया जाता था, लेकिन वर्तमान समय में हितग्राहियों को मिट्टी तेल देना पूरी तरह से बंद हो गया है। यहां बताना लाजिमी होगा कि क्षेत्र के ग्रामीण हितग्राही मिट्टी तेल के लिए तरस रहे हैं, क्योकि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली गुल होने पर चिमनी या कहे (लालटेन) के हीं सहारे घर-आंगन को रौशन किया जाता था, लेकिन उचित मूल्य के दुकानों में मानों मिट्टी तेल गायब ही हो गया है व ग्रामीण रहवासियों के लिए मिट्टी तेल वितरण एक सपना सा हो गया है। जिस पर क्षेत्रवासियों ने शासन-प्रशासन व विभागीय अधिकारियों से मांग कर जल्द से जल्द उचित मूल्य के दुकानों में राशन कार्ड हितग्राहियों को मिट्टी तेल वितरण किया जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्रवासियों को राहत मिल सकें।



#### अंधेरे में रहने मजबूर ग्रामवासी

ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में बिजली की आंख मिचौली से ग्रामीण उपभोक्ताओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह बिजली गुल होने पर ग्रामीण हितग्राही जैसे तैसे काम काज निपटा लेते है लेकिन रात में बिजली गुल होने पर ग्रामीणों को अंधेरे में रहने मजबूर हो जाते है। जिस पर जल्द से जल्द उचित मूल्य की दुकानों में मिट्टी तेल वितरण किए जाने अपील की गई।

## प्रधान पाठक दिलीप सिंह को सेवानिवृत्त होने पर विदाई व सम्मानित किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिमरा में पदस्थ प्रधान पाठक दिलीप सिंह ठाकुर 31 मई 2025 को 62वर्ष की आयु पूर्णकर सेवानिवृत्त हुए। वहीं विद्यालय स्तर पर पदस्थ शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शाला विकास समिति अध्यक्ष नेमीचंद साहू, भागीरथी साहू, संतु साहू को आमंत्रित कर कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रधान अध्यापक राज्यपाल पुरस्कृत एवं पर्यावरण मित्र पुरस्कार से सम्मानित तथा भारत की जनगणना में अभूतपूर्व सेवाएं देने पर रजत पदक से सम्मानित दिलीप सिंह की सेवानिवृत्त पर विदाई सम्मान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन तामेश्वर सिंह ठाकुर एवं शिक्षक विष्णुदत्त कौशिक ने किया। सन 2011 लंबे समय से पदस्थ प्रधान अध्यापक का अभूतपूर्व सम्मान ग्रामवासियों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनिल कुमार श्रीवास्तव ने निरंतर 10 वर्षो से साथ में कार्य करने एवं प्रधान अध्यापक के समर्पण भाव को चित्रित किया, श्रीमती नीमा तिवारी, दिलीप नागवंशी ने मंगलकारी शुभकामनाएं दी। वहीं सेवानिवृत्त प्रधान अध्यापक का सम्मान शाल एवं श्रीफल भेंटकर किया गया। उन्होने 78 प्रधान अध्यापक ने अपने उद्बोधन में 37 वर्षो के अध्यापन अनुभव एवं अच्छे शिक्षक के रूप में सफलता पूर्ण कार्य करने अनेक प्रेरक घटनाएं प्रस्तुत की। शिक्षक की कर्तव्य-निष्ठा, कर्मठता एवं छात्र छात्राओं को दी गई शिक्षा से विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण एवं प्राप्त उपलब्धि को श्रेष्ठ बतलाया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन शक्तिमानदास राय, श्रीमती मालती चंद्रवशी ने किया।

## राज्य स्तरीय सम्मान से सम्मानित होंगें: जनसेवक हरीश साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



रेड ड्राप फ्रेंड्स क्लब छतीसगढ़ संस्था द्वारा 14 जून को कर्मा भवन सुपेला-भिलाई मे स मा ज से वी संस्था को सम्मानित किया जाएगा, जिसमे कवर्धा जिले से जनसेवक नयी चमक रक्तदान एवं जनकल्याण समिति संस्थापक एवं जिलाध्यक्ष हरीश साहू का नाम चयन करते हुए सम्मान समारोह मे आमंत्रित किया है। कवर्धा जिले मे जनसेवा के क्षेत्र मे अपनी अलग पहचान बनाने वाले हरीश साहू लगातार रक्तदान, गौ-सेवा एवं समाजसेवा मे अपनी महत्वपूर्ण सेवा प्रदान करते हुए लोगों के दिल मे जगह बना लीं है। पिछले माह भी 23 मार्च को भिलाई मे राज्य स्तरीय सम्मान से हरीश साहू को सम्मानित किया गया था, श्री साहू को राज्य से लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जा चूका है, इसी कड़ी मे पुनः 14 जून रक्तदाता दिवस पर भिलाई मे रक्तदान, गौसेवा एवं समाज सेवा के क्षेत्र मे बेहतर कार्य करने के लिए कवर्धा जिले से हरीश साहू का नाम चयन किया गया है जो समाज सेवा के क्षेत्र मे युवाओं के लिए एक प्रेरणा के रूप मे देखा जा सकता है जो अपने मेहनत लगन और लोगो को संगठित कर एक संस्था तैयार किया और उस संस्था से जुड़कर हजारों युवाओं ने रक्तदान महादान अभियान से जुड़कर हजारों लोगो की जान बचाने मे सफल रहे। साथ ही अनेक जीव-जंतु व गौ-माता की इलाज कर उनकी जान बचाना, समय-समय पर वृद्धजनो की सेवा, अनाथ आश्रम मे भी अपनी सेवा देकर अनेको मदद किया है।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान से कबीरधाम के 275 ग्राम होंगे समृद्ध

- 15 मई से 30 जून तक जन-जागरूकता शिविरों का आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान से कबीरधाम जिले 275 आदिवासी ग्रामों और वहां रहने वाले ग्रामीणों की तकदीर तस्वीर बदलने वाली है। जिले के पंडरिया, बोड़ला, सहसपुर लोहारा व कवर्धा विकासखण्ड के आदिवासी बाहुल्य ग्रामो में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आगामी 15 से 30 जून तक जन जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आदिमजाति विकास विभाग, पंचायत ग्रामीण विकास विभाग, जनपद, सहित अन्य विभागों के अधिकारियों की साझा बैठक लेकर 15 जून से शुरू होने वाले इस अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यह अभियान राज्य तथा केंद्र सरकार की प्राथमिकता में शामिल है, पूरी संवेदनशीलता के साथ चिन्हाकित ग्राम पंचायतों में शिविर का आयोजन करें और शासकीय योजनाओं से वंचित परिवारों तथा ग्रामीणों को इस अभियान के माध्यम से लाभ दिलाए।

कलेक्टर ने बताया कि आदिवासी क्षेत्रों के समग्र विकास और वहां निवासरत अनुसूचित जनजातियों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ 2 अक्टूबर 2024 को किया गया। यह अभियान पीएम-जनमन योजना की तर्ज पर तैयार किया गया है, जिसके अंतर्गत 17 मंत्रालयों द्वारा संचालित 25 गतिविधियों को समन्वित रूप से आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में लागू किया जा रहा है।

इसी कड़ी में कबीरधाम जिले के 275 आदिवासी बहुल ग्रामों में आगामी 15 से 30 जून तक व्यापक स्तर पर जागरूकता एवं संतृप्ति शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जहां विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही प्रदान किया जाएगा। जिसमें जिले के विकासखंड बोड़ला के 226, पंडरिया के 41, सहसपुर लोहारा के 07 एवं कवर्धा के 01 ग्राम इस अभियान में शामिल किए गए हैं। इन शिविरों में अनुसूचित जनजाति वर्ग के परिवारों और सदस्यों को आधार कार्ड, राशन कार्ड, उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, जन-धन खाता, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन योजनाओं का लाभ मिलेगा। साथ ही मनरेगा, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, मुद्रा ऋण जैसी रोजगारोन्मुखी योजनाएं तथा पीएम मातृवंदना योजना के अंतर्गत भी पंजीयन की सुविधा दी जाएगी। शिविरों में संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों की उपस्थिति में मौके पर ही पंजीयन, दस्तावेजीकरण और सत्यापन की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।


## क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन धान फसल की कटाई जोरों पर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम जेवड़न खुर्द,डबराभाट, सारंगपुर, राम्हेपुर, सिंघनपुरी, गांगचुवा, बीजाझोरी, चंडालपुर, हरिनछपरा, नाऊडीह, घुकसा, दौजरी, बांझीमौहा व ग्राम जरती क्षेत्र में ग्रामीण किसान द्वारा अच्छी किस्म की ग्रीष्मकालीन धान फसल की कटाई जोर शोर से किया जा रहा है। ग्रामीण किसान प्रहलाद कश्यप, महेश चंद्रवंशी, जलेश बघेल ने बताया कि ग्रीष्मकालीन धान फसल की कटाई के बाद दोबारा वर्षाऋतु धान की फसल की पैदावार में जुट जाएगें। उन्होने बताया कि ग्रीष्मकालीन धान की फसल की वर्तमान में परिपक्व होकर खेतों में कटाई जोर-शोर से मजदूरों और आधुनिक मशीन हार्वेस्टर से किया जा रहा है। वहीं ग्रामीण किसानों ने शासन प्रशासन से समर्थन मूल्य में धान की खरीदी की मांग कर रहे है ताकि ग्रामीण किसानों को लाभ मिल सकें।

## पाइप लाइन विस्तारीकरण के बाद सीसी रोड की सुधार कार्य करने भूले जिम्मेदार



**हरिभूमि बरबसपुर।** ग्राम दौजरी में शासन प्रशासन की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन अंतर्गत घरों-घर नल कनेक्शन के पाइप लाइन बिछाई गई, लेकिन जिम्मेदारों की भारी अनदेखी की खामियाजा ग्राम दौजरी रहवासियों को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि घरों घर नल कनेक्शन के लिए सीसी रोड की बीचों बीच सड़क को तोड़ा गया लेकिन पाइप लाइन बिछाने के बाद तोड़े गए सीसी रोड की सुधार व मरम्मत कार्य नहीं होने के कारण घरों से निकालने वाली गंदा पानी सड़क के बीचों बीच जमावड़ा होने से सीसी रोड कीचड़ से लथपथ होने से आवागमन बाधित तथा ग्रामीणों को भारी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर ग्रामवासियों ने ठेकेदारों से पाइप लाइन के लिए खोदे गए सीसी रोड की मरम्मत व समतलीकरण किए जाने मांग की गई ताकि आवागमन में सुविधा हो व कीचड़ से निजात मिल सके।

## अपराध का गढ़ बनते जा रहा डोंगरगढ़

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

धर्मनगरी के रूप में विख्यात नगर में बढ़ते अपराध, अवैध कारोबार और रोपवे में हो रही दुर्घटना के बाद सिस्टम पर सवाल उठने लगे है। युवाओं में नशाखोरी बढने के साथ बेरोजगारी के कारण चाकूबाजी, लूट पाट और अवैध कारोबार का संचालन शहर की पहचान बनते जा रहा है।

महाराष्ट्र बार्डर से लगे बोरतलाव मार्ग से मवेशी और शराब की तस्करी लगातार जारी है वहीं प्रशासन छोटी कार्यवाही कर वाहवाही लूटने में लगा। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध कटाई, अवैध ईंट भट्ठा, अवैध खनन बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। नगर में अवैध शराब के साथ जुआ और सटटा भी पैर पसार चुका है। वन भूमि के अलावा नजूल भूमि पर कब्जा करने के साथ वृक्षों की कटाई रोकने में प्रशासनिक अमला नकाम नजर आ रहे है।

#### शिकायत होने पर जांच

नगर पालिका अधिकारी सीके शर्मा ने मामले के संबंध में फाईल देखने के बाद ही कुछ कहने बात कही। मामले की शिकायत पर जांच करने करने की बात कहा।

#### दफ्तरों में कमीशनखोरी

विभिन्न योजनाओं और निर्माण में कमीशन खोरी का खुलासा होने के बाद कार्यवाही तो दुर सुधार लाने की दिशा में कोई प्रयास होता नहीं दिख रहा है। राशि के दुरूपयोग से विकास पर ग्रहण लगता दिखाई दे रहा है। बीते 10 साल में स्वीकृत कार्य अब तक अपूर्ण हैं। उल्लेखनीय हे कि नगर पालिका द्वारा कराए गए कार्यो में गड़बड़ी का खुलासा होने के बाद राज्य सरकार ने तत्कालीन लेखापाल, इंजीनियर एवं सीएमओ को निलंबित किया है। मामले की जांच के दौरान अधिकारियों ने अपराधिक मामला दर्ज करने की बात कहा था किन्तु अब तक कार्रवाई नहीं हुई है। बोर खनन और खरीदी के बिलों की जांच की जाए तो राशि के दुरूपयोग का खुलासा होगा।

## घुकसा से बरबसपुर जाने वाली मार्ग अत्यंत जर्जर, आवागमन बाधित



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

विधानसभा कवर्धा क्षेत्रांतर्गत ग्राम घुकसा से बरबसपुर जाने वाली सड़क प्रधानमंत्री सड़क अत्यंत जर्जर व बदहाल होने के कारण आवागमन बाधित तथा ग्रामीणों व राहगीरों को भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि 1 वर्ष पहले जिम्मेदार ठेकेदार द्वारा प्रधानमंत्री सड़क की सुधार व मरम्मत कार्य कराया गया था, ग्रामीणों के माने तो जिम्मेदार ठेकेदारों की भारी अनियमितता व लापरवाही के कारण पीएम सड़क की डामरीकरण की परते उखड़ चुकी है। वहीं प्रधानमंत्री सड़क में जगह जगह गड्ढे ही गड्ढे होने से ग्रामीण व राहगीर सड़क हादसे के शिकार हो रहे है। जिस पर रहवासियों ने जिम्मेदार ठेकेदारो को इस ओर ध्यान देने तथा गुणवत्ता युक्त डामरीकरण किए जाने की मांग की गई ताकि ग्राम घुसका व बरसबपुर के ग्रामीणों को आने जाने में राहत व सुविधा मिल सकें।

### जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि महेंद्र धृतलहरे की अगुवाई में कार्यक्रम संपन्न

## विधायक द्वारा स्वीकृत राशि से सीसी रोड निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन महेंद्र

- क्षेत्रवासियों ने विधायक भावना के प्रति आभार व्यक्त किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि महेंद्र धृतलहरे ने ग्राम पंचायत दामापुर में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा स्वीकृत राशि 2.60 लाख रुपए के विकास कार्य का किया भूमिपूजन एवं जिला पंचायत कबीरधाम क्षेत्र क्र 04 के सदस्य राजेश्वरी महेंद्र धृतलहरे के मद से ग्राम पंचायत रूसे के आश्रित ग्राम कापा में शुद्ध पेयजल एवं निस्तारी हेतु बोर खनन का कार्य किया।

पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने ग्राम विकास हेतु ग्राम पंचायत दामापुर बाजार में ग्राम विकास हेतु उपस्वास्थ्य केंद्र से मेन रोड तक नवीन सीसी रोड निर्माण के लिए विधायक मद से 2.60 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की थी, जिसका शनिवार को प्रतिनिधि सदस्य जिला पंचायत महेंद्र धृतलहरे ने विधिवत भूमिपूजन कर निर्माण कार्य की श्री गणेश किया। जिस पर महेंद्र धृतलहरे ने कहा पंडरिया विधानसभा के उत्कृष्ट विधायक का सराहना करते हुए कहा कि श्रीमती भावना बोहरा ने विधानसभा पंडरिया अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में मूलभूत सुविधाओं एवं विकास कार्यो में जोर दिया जा रहा है और क्षेत्र में विकास कार्यो को आगे बढ़ा रहे है। श्री धृतलहरे ने कहा विधायक भावना बोहरा जनसेवा ही भावना संस्था के माध्यम से क्षेत्र की जनता की हर संभव मदद कर रहे है।



उन्होने बताया कि विधानसभा पंडरिया अंतर्गत 8 मण्डल में निःशुल्क एंबुलेंस संचालित है एवं संचालित मोबाइल हेल्थ पैथ लैब के माध्यम से गांव-गांव हॉट बाजार में कैंप लगाकर 20 प्रकार गंभीर सामान्य बीमारियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का कार्य किया जाता रहा है। इस भूमिपूजन कार्यक्रम में सरपंच दामापुर पीर खान, सुमन ढ़ीमर, नारायण साहू, जगदीश साहू, फिरोज खान सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

**मांग: युक्तियुक्तकरण काउंसिलिंग निरस्त करने सहित रखी गई चार सूत्रीय मांगे**

# नया शिक्षा सत्र के पूर्व शिक्षकों की आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रदेश सहित कबीरधाम जिले में नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होने को अब कुछ दिन ही शेष रह गए हैं। माना जा रहा है कि आगामी 15 जून से नया शिक्षा सत्र का श्री गणेश हो जाएगा। लेकिन इस बार प्रदेश सहित जिलेभर के शिक्षकों ने मुख्य रूप से जिस ढंग से युक्तियुक्तकरण को लेकर लामबंद नजर आ रहे हैं और उन्होंने इसे निरस्त करने सहित कुल चार मांगों को लेकर शासन के विरूद्ध मोर्चा खोलते हुए 2 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान किया है उसे देखकर ऐसा लग रहा है कि अगर शिक्षकों की यह हड़ताल लंबी खिंची तो नए शिक्षा सत्र का श्री गणेश भी शिक्षकों की हड़ताल के साथ ही शुरू होगा? इसी सिलसिले में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी की अध्यक्षता में रविवार को स्थानीय रानी झांसी बालोद्यान में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। प्रमुख निर्णय के अनुसार शिक्षक साझा मंच के आव्हान पर चार सूत्रीय मांगों को लेकर दो जून से प्रारम्भ होने वाले अनिश्चितकालीन धरना में एसोसिएशन के सभी सदस्य शामिल होंगे। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा युक्तियुक्तकरण काउंसिलिंग के लिए जारी तिथि 2 व 3 जून को तत्काल निरस्त करने की मांग किया गया। बैठक में क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान, पूर्व सेवा गणना, संघ सदस्यता, संगठन की मजबूती हेतु संकुल अध्यक्षों में आवश्यकतानुसार बदलाव सहित अन्य विषयों पर चर्चा किया गया। बैठक के प्रारम्भ में जिलाध्यक्ष श्री चन्द्रवंशी ने अब तक के संघीय गतिविधियों पर विस्तार से जानकारी प्रदान किया। तत्पश्चात उपस्थित पदाधिकारियों व सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किए जाने के बाद सभी फैसले सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में प्रमुख रूप से एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, गोकुल जायसवाल, दुर्गा चन्द्रवंशी, मनोज कौशिक, जयप्रकाश चन्द्रवंशी, भूपेंद्र जाटवर, देवानंद चन्द्रवंशी, जोहन पुनाचा, सुरतिया साहू, सुशील चन्द्रवंशी, भूपेंद्र जाटवर, दिलीप धुर्वे, चतुर मेरावी, पन्ना लोधी, सुकदेव चन्द्रवंशी, इंद्रभूषण राय, रामसिंह साहू, राजेन्द्र निर्मलकर, नंद सोनी, अजय गुप्ता, राजेन्द्र तलवरे, भागवत कौशिक, मुकेश चन्द्रवंशी, प्रेमिश शर्मा, योगेश चौरिया, डीके वर्मा, रोहित देवांगन, घरेन्द्र चन्द्राकर, कुंदन लोनिया, रोशन जंघेल, बलदेव कौशिक, रामाधार मंडावी, विजय जनार्दन, शिव धुर्वे, ओंकार गुप्ता, ईशाक मोहम्मद खान, नारायण धुर्वे, रमेश साहू, किशन सत्यवंशी, सुभाष कोसरिया, मधुर चन्द्रवंशी, अमरनाथ गुप्ता, पलटन पटेल, मेहरबान अली आदि उपस्थित थे।

### सेटअप 2008 के विपरीत 283 शिक्षक अतिशेष



एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग ने सन 2008 में स्कूलों के पदक्रम रचना अर्थात सेटअप जारी किया है, जो वर्तमान में प्रभावशील है। इसी सेटअप के अनुसार स्कूलों में शिक्षकों की पदस्थापना किया जाता है, लेकिन जिले में शासन के इस सेटअप को दरकिनार करते हुए 283 शिक्षकों को अतिशेष घोषित कर दिया गया है, जबकि ज्यादातर शिक्षक सेटअप के अनुसार ही अपने स्कूलों में पदांकित हैं।

### शिक्षा गुणवत्ता होगी प्रभावित

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी अपना मनमौजी चलते हुए प्राथमिक शाला में तीन के बजाय दो शिक्षक रख रहे हैं। मिडिल में पांच शिक्षक को घटाकर चार कर रहे हैं, जिससे शिक्षा गुणवत्ता पर विपरीत असर पड़ेगा। इससे गांव के गरीब बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पायेगा। इस वर्ष चलाये जाने वाले मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान भी सफल नहीं हो पायेगा।

### चार सूत्रीय मांगों के लिए होगी अनिश्चितकालीन हड़ताल

शिक्षक साझा मंच द्वारा जिला मुख्यालय के राजमहल चौक स्थित राजीव गांधी पार्क में दो जून से प्रारम्भ होने वाले अनिश्चितकालीन हड़ताल में जिले के सभी शिक्षक शामिल होंगे। यह हड़ताल चार सूत्रीय मांग युक्तियुक्तकरण में सेटअप 2008 का पालन, पूर्व सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन, क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान के लिए जनरल आर्डर एवं पदोन्नति में बीएड की अनिवार्यता समाप्त करने को लेकर किया जा रहा है।

## पीपरटोला में आकाशीय बिजली की चपेट में आए तीन मवेशियों की मौके पर मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ स.लोहारा

जिले में बनते बिगड़ते मौसम के बीच स.लोहारा क्षेत्र में लगातार आकाशीय बिजली गिरने की खबरें सामने आ रही है। हाल ही में विकासखण्ड स. लोहारा के ग्राम सिंगारपुर में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से ग्रामीण दम्पत्ति की मौके पर ही मौत हो गई थी वहीं विकासखण्ड स. लोहारा के ग्राम पीपरटोला में आकाशी बिजली गिरने से एक ग्रामीण के तीन मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई। जिससे पीड़ित किसान को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ गया। बताया कि जाता है कि बीते दिनो शाम को करीब 04 बजे क्षेत्र में अचानक बदले मौसम के चलते तेज आंधी तूफान तथा बेमौसम बारिश के बीच आसमान से भीषण गर्जना के साथ गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में ग्राम पीपरटोला निवासी एक ग्रामीण के तीन मवेशियों की मौत हो गई। पीड़ित ग्रामीण के मुताबिक जिसमें एक गाय और दो बैल शामिल है। उसने बताया कि मवेशियों की मौत से उसे भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि लगातार सामने आ रही इस तरह की घटनाओं के चलते अब लोगों में मौसम को लेकर दहशत देखी जा रही है।

**खबर संक्षेप**

### घर में हांथ साफ करने वाला चोर गिरफ्तार

**कवर्धा।** सिंघनपुरी जंगल में एक घर में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से 48,500 रुपए के सोने-चांदी के जेवर बरामद किए गए। घटना 23 मई की रात करीब 1.30 बजे की है। बताया जाता है कि पीड़ित परिवार अपने घर की छत पर सो रहा था। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने कमरे की आलमारी से 48500 रुपए कीमती जेवर चुरा लिए। 25 मई को थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिस पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य और साइबर सेल की मदद से आरोपी की पहचान आत्माराम पिता तिलक यादव आयु 20 वर्ष निवासी कंटगी कला के रूप में कर उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी के बयान पर चोरी किए जेवर बरामद किए गए। पुलिस ने विधिवत जब्ती की कार्रवाई पूरी कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### दस्तावेज सत्यापन 12 व 13 जून को

**कवर्धा।** व्यापमं ने उच्च शिक्षा विभाग के लिए प्रयोगशाला तकनीशियन भर्ती परीक्षा-2023 ली थी। परीक्षा परिणाम जारी किए जाने के बाद रिक्त पदों की पूर्ति के लिए अभ्यर्थियों के मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र समेत अन्य दस्तावेज का सत्यापन 12 व 13 जून को सुबह 10 बजे क्षेत्रीय अपर संचालक कार्यालय उच्च शिक्षा रायपुर / रूसा कार्यालय विज्ञान कॉलेज परिसर जीई रोड रायपुर में किया जाएगा।

## जिले के 52 हजार से अधिक ग्रामीणों ने पानी बचाने का लिया संकल्प

### मनरेगा के ग्रामीण परिवारों ने पेश की मिसाल



- ग्रामीणों की भागीदारी से मोर गांव मोर पानी महा अभियान बन रहा जन आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

आगामी वर्षा ऋतु में जल संरक्षण कर भू-जल स्तर में वृद्धि करने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को जागरूक करने का कार्य कबीरधाम जिले में जोर-शोर से चल रहा है।

इसी कड़ी में आज मोर गांव मोर पानी महा अभियान अंतर्गत जिले के ग्रामीण अंचलों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत रोजगार करने वाले 52 हजार 8 सौ से अधिक ग्रामीणों ने एक साथ जल संरक्षण की शपथ लेकर सभी के लिए मिसाल पेश की। तालाब निर्माण कार्य, डबरी निर्माण कार्य, तालाब गहरीकरण कार्य, अमृत सरोवर निर्माण, पशु शेड निर्माण, नाला पुनरूद्धार कार्य एवं प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण जैसे अनेक कार्यों में लगे सदस्यों ने यह शपथ ली। निर्माण कार्य में लगे ग्रामीणों को मैदानी कर्मचारियों तकनीकी सहायक एवं ग्राम रोजगार सहायक द्वारा भू-जल स्तर में वृद्धि करने के विषय में जानकारी दी गई, जल संरक्षण नहीं होने से गांव में इसके दुष्परिणाम पर विस्तार से बात की गई। ग्रामीणों को प्रेरित किया गया कि वह अपने घरों के साथ खेतो में वृक्षारोपण करें। परंपरागत स्त्रोतों के माध्यम से बरसात के पानी को रोक तथा समाज के सभी वर्गों को जागृत करने के लिए ग्रामीण आगे आकर अपना योगदान दे। ग्रामीणों ने शपथ लेकर संकल्प लिया कि वह मोर गांव मोर पानी महा अभियान का हिस्सा बनकर अपने पृथ्वी को हरा भरा रखने में पूरा योगदान करेंगे।

### चार दिवसीय प्रशिक्षण से जल संरक्षण के लिए बनाई जाएगी विशेष रणनीति

कबीरधाम जिले के सभी 471 ग्राम पंचायतो के सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, आवास मित्र, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की स्व सहायता समूह की दीदीयो ग्राम संगठन के सदस्य जनपद प्रतिनिधियों सहित विभिन्न विभागों के मैदानी कर्मचारियों का प्रशिक्षण आज से प्रारंभ हो रहा है। 16 क्लस्टर में आयोजित होने वाले 4 दिवसीय प्रशिक्षण में स्थानीय स्तर पर पानी रोकने के विभिन्न उपायों पर जानकारी दिया जाएगा। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य गांव में रहने वाले स्थानीय व्यक्तियों को भू-जल स्तर एवं जल संरक्षण के महत्व को बताना है। तथा इनके माध्यम से अन्य ग्रामीणों को इस कार्य के लिए प्रेरित कर इस अभियान से जोड़कर इसे सफल बनाना है।

## दिनभर तेज धूप, शाम को मौसम सुहाना उमस भरी गर्मी से लोगों का हाल बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जाते-जाते नौतपा और ग्रीष्म ऋतु ऐसा सितम ढा रही है कि इन दिनों लोगों का हाल बेहाल है।

बदले मौसम के बीच शाम के समय प्रायः हर रोज आसमान में छाने वाली बदली, हल्की-तेज बारिश और चलने वाली ठंडी हवा लोगों को जितना सुकून दे रही है उतनी ही यातना लोगों को पूरे दिन भुगतनी पड़ रही है। मौसम के इस मिजाज का असर जहां लोगों की दिनचर्या पर पड़ रहा है वहीं उनकी सेहद पर भी इसके विपरीत प्रभाव देखे जा रहे हैं। गौरतलब है कि ग्रीष्म ऋतु की अब उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है और माना जा रहा है कि नौतपा समाप्त होने के बाद जल्द ही मानसून दस्तख देने वाला है। लेकिन ग्रीष्म ऋतु और मानसून के बीच का यह फासला लोगों पर भारी पड़ रहा है।

यहां बताना लाजिमी होगा कि इन दिनों कवर्धा नगर सहित अंचल के मौसम ने अपनी दिनचर्या कुछ इस तरह सेट कर ली है कि दिनभर चटख धूप खिली होती है तथा शाम ढलते-ढलते अचानक आसमान में काले बादल छा जाते हैं और तेज हवा के साथ कई बार बारिश भी शुरू हो जाती है। ऐसे में शाम के समय तो बदला मौसम लोगों को काफी सुकून देता है, लेकिन दूसरे दिन जैसे ही सूरज की तीखी किरण जमीन पर पड़ती है बारिश के पानी की नमी भाप बनकर लोगों के लिए मुसीबत कड़ी कर देती है।

लोग दिनभर उमस भरी चिपचिपी गर्मी से हलाकान रहते हैं। इस बैचेन कर देनी वाली गर्मी व मौसम की असमानता का लोगों की सेहद पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता दिख रहा है और लोगों में सर्दी, बुखार, हांथ, पैर में दर्द जैसी शिकायत बढ़ रही है। इस तरह की शिकायत सार्वधिक छोटे बच्चों व बुजुर्गों में देखने को मिल रही है।

जानकारों का मानना है कि अब जब तक मानसून पूरी तरह सक्रिय नहीं हो जाता लोगों को ऐसी ही परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। संभवतः यही वजह है कि अब लोग बड़ी बेसब्री से मानसून के आने का इंतजार कर रहे हैं।

### स.लोहारा क्षेत्र के किसान सिंचाई सुविधा के चलते ले रहे तीन फसल

**कवर्धा।** कुछ सालो पूर्व तक जिले के किसान सिंचाई सुविधाओं के आभाव में अपने खेतों में सिर्फ दो फसल ही लिया करते थे। अंचल के किसान वर्षाकाल में खरीफ फसल के तहत मुख्य रूप से सिर्फ धान की फसल लेते थे और कुछ किसान सोयाबीन की फसल की बोआई करते थे। वहीं शीत ऋतु में रबि फसल के तहत अंचल के ज्यादातर किसान चना, गेंहू, मटर अरहर आदि दलहन फसल लेकर खेती किसानी किया करते थे। तो दूसरी तरफ सिंचाई सुविधाओं के आभाव में धान कटाई के बाद से ही ग्रीष्म ऋतु के पूरे चार महिने किसानो के खेत खाली पड़े रहते थे। लेकिन अब ऐसा नहीं है। बीते कुछ वर्षो के दौरान जिले में जिस ढंग से सिंचाई सुविधाओं का विस्तार हुआ है और किसानो को शासन की योजनाओं का लाभ मिलना प्रारंभ हुआ है किसानो ने भी इसका बखूबी फायदा उठाते हुए अपनी किस्मत बदलने का प्रयास किया है और जिन किसानो ने इस दिशा में प्रयास किए है उन्हे शानदार सफलता भी मिली है। इसकी एक बानगी तो गन्ने की फसल के रूप में विशेषकर जिले के विकासखण्ड पंडरिया, कवर्धा तथा बोड़ला में देखने को मिली है। क्योंकि इस क्षेत्र में एक नहीं बल्कि दो-दो सहकारी शक्कर कारखाना संचालित है। हालांकि इस लाभ का मलाल विकासखण्ड स. लोहारा क्षेत्र के कई ग्रामों के किसानों है और वे भी बीते कई वर्षो से यहां एक सहाकारी शक्कर उत्पादक कारखाना की मांग कर रहे हैं। लेकिन कुछ किसान ऐसे में ही हैं जिन्होनें गन्ना के अलावा दूसरी फसलों को लेकर अपनी किस्मत बदलने का काम किया। बताया जा रहा है कि इस वर्ष विकासखण्ड स. लोहारा के कई ग्रामों के किसानो ने ग्रीष्मकाल में अपने खेतों को खाली छोड़ने के बजाय उसमें मूंग एवं उड़द की फसल ली है और वे इसमें खासे सफल भी रहे हैं। किसानो ने बताया कि इस साल क्षेत्र में करीब 50000 एकड़ में मूंग एवं उड़द की फसल किसानो द्वारा ली गई है। उन्होने बताया कि सिंचाई के पर्याप्त साधन के साथ ही इस बार मौसम अनुकूल होने के कारण फसल अच्छी रही है और उत्पादन भी भरपूर हुआ है। कीट व्याधि को अच्छे से नियंत्रण करने में किसान सफल रहे हैं।

### खेलन मरावी को चीमागोंदी सेक्टर का अध्यक्ष किया गया मनोनीत



**कवर्धा।** जिला गोंड़ समाज सेवा समिति जिला कबीरधाम पंजीयन क्रमांक 21752 के जिला अध्यक्ष राजा योगेश्वर राज सिंह द्वारा गोंड़ समाज में संगठनात्मक मजबूती के लिए जिला, ब्लॉक प्रबंध कार्यकारिणी गठन के बाद समस्त सेक्टर में सेक्टर के सर्व प्रभाग का प्रबंध कार्यकारिणी का गठन किया है। इसी क्रम में ब्लॉक प्रभारी जिला उपाध्यक्ष डॉ संतोष धुर्वे, जिला सहसचिव सुखनंदन धुर्वे, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष मरकाम, उपाध्यक्ष गणेश धुर्वे कवर्धा के नेतृत्व में चीमागोंदी सेक्टर के आश्रित समस्त ग्राम के डिहवार छड़ीदार एवं सगा समाज का बैठक आदिवासी मंगल भवन चीमागोंदी में आहूत की गई। बैठक में उपस्थित समाज ने सर्व सम्मति से खेलन मरावी को चीमागोंदी सेक्टर के सर्व प्रभाग का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है साथ ही विष्णु मरकाम उपाध्यक्ष, धामसिंह धुर्वे सचिव, संतोष मरकाम कोषाध्यक्ष, भारत धुर्वे संगठन मंत्री, सेक्टर संरक्षक मनोहर मरावी, अंगद मरकाम, विश्राम नेताम, नारायण नेताम, सलाहकार ईश्वरी प्रसाद मरावी, युवा प्रभाग अध्यक्ष महादेव नेताम उपाध्यक्ष टीकाराम खुसरो, शिवकुमार नेताम आदि मनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत किया गया।

**लोगों को दिया गया नशा मुक्ति तथा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश**

## कबीरधाम जिला महिला साहू संघ कई गांव-गांव में निकाली सद्भावना रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला महिला साहू संघ के बैनर तले रविवार को संघ की जिलाध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी साहू के नेतृत्व में नशा मुक्ति, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के संदेश के साथ जिला मुख्यालय कवर्धा से कई गावों में सद्भावना रैली का भव्य आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ रविवार की सुबह 10.30 बजे जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित गांधी मैदान से किया गया। जिसमें मुख्य रूप से डॉं सियाराम साहू, अशोक साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिलाध्यक्ष साहू संघ पतिराम साहू, जिला महामंत्री साहू संघ धर्मराज साहू, कौशल साहू, बालाराम साहू, जिला उपाध्यक्ष साहू राजेश साहू, तहसील साहू संघ अध्यक्ष कवर्धा धर्मराज, तहसील साहू संघ बोड़ला अध्यक्ष मिलूराम साहू, तहसील साहू संघ बोड़ला महामंत्री सालिक साहू, लोकचंद साहू, पूर्णिमा मनीराम साहू, पद्मिनी साहू, सावित्री साहू, कौशल्या साहू, रेखा हरीश साहू, पुष्पा होरी राम साहू, आरती सुनील साहू, निशा अखिलेश साहू, विद्या साहू, संतोषी साहू, गायत्री राजेश साहू, संतोषी साहू, मनीष साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे। जिन्होने रैली के साथ गांव-गांव में पहुंचकर समाज के लोगों को समाज की मजबूती, एकता के साथ ही नशा मुक्ति, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं तथा सामाजिक बुराईयों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इससे पूर्व रैली को बकायदा हरि झंडी दिखाकर क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों के लिए रवाना किया गया। इस संबंध में साहू समाज के प्रदेश युवा अध्यक्ष चोवाराम साहू एवं जिला महिला साहू संघ की अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी साहू ने बताया कि मुख्य रूप से सद्भावना के साथ लोगों को नशामुक्ति तथा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से संघ द्वारा रविवार को क्षेत्र के कई गांवों में सद्भावना रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ जिला मुख्यालय कवर्धा से कर मुख्य मार्ग से होते हुए दोपहर 11.00 बजे ग्राम भागुटोला पहुंची जहां मां कर्मा की पूजा आराधना तथा ग्रामीणों के बीच संदेश प्रचारित करने के पश्चात दोपहर 11.30 बजे रैली ग्राम डगानिया पहुंची। जहां स्थानीय ग्रामीणों ने रैली का स्वागत किया। दोपहर 12.00 बजे रैली ग्राम खैरबना कला पहुंची। ग्राम खैरबना कला में मां कर्मा की पूजा अर्चना व भोजन अवकाश के पश्चात दोपहर 1.30 बजे रैली ग्राम सरोधा, दोपहर 2.00 बजे ग्राम रामचुवा होते हुए दोपहर 2.30 बजे ग्राम सिंघनपुरी, दोपहर 3.00 बजे रौचन, दोपहर 3.30 बजे ग्राम चिखली, शाम 4.00 बजे रौचन तथा अंत में शाम 4.30 बजे ग्राम मजगांव के तहसील साहू भवन में रैली का समापन किया गया।

## सहलेवारा क्रिकेट प्रीमियर लीग में चिल्फी की टीम बनी चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

जिले के वनांचल ग्राम सहलेवारा में आयोजित प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच का गत शनिवार को फाइनल मैच चिल्फी फाइटर विरूद्ध साहलेवारा के बीच खेला गया। जिसमें पहले टॉस जीतकर चिल्फी ने गेंदबाजी करने का फैसला लिया। इस फाइनल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए सहलेवारा की टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 9 विकेट खोकर 62 रन बनाए। वहीं 62 रनो के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चिल्फी की टीम ने 9.2 ओवर में 63 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। फाइनल मुकाबले में विजेता रही चिल्फी टीम के हीरो रहे संजू राजपूत ने अपनी शानदार बॉलिंग से 2 ओवर में मात्र 9 रन देकर 3 विकेट लिए जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया। मैच के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य सुखलाल सिंह एवं सरपंच ग्राम पंचायत लूप उदय सिंह ने प्रतियोगिता के विजेता एवं उप विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में सहलेवारा के क्रिकेट टीम एवं खिलाड़ियों का सराहनीय योगदान रहा।

